शनिवार
23 सितंबर 2023

केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण
आपकी आवाज



लालू, तेजस्वी व राबड़ी को राउज एवेन्यू कोर्ट से समन 2



# पीएम मोदी आज यूपी को 1565 करोड़ रु की योजनाओं की देंगे सौगात

- वाराणसी के गंजारी में बनने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का करेंगे लोकार्पण
- समारोह में सचिन तेंदुलकर, सुनील गावस्कर, कपिल देव होंगे शामिल

**केटी न्यूज ब्यूरो/वाराणसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को वाराणसी और उत्तर प्रदेश की जनता को 1565 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। वाराणसी के गंजारी में 450 करोड़ रुपये से बनने वाले पूर्वांचल के पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का लोकार्पण करेंगे। साथ ही वाराणसी सहित प्रदेश के 16 अटल आवासीय विद्यालयों का लोकार्पण करेंगे। अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम के शिलान्यास समारोह में क्रिकेट के दिग्गज आएंगे। सचिन



तेंदुलकर, सुनील गावस्कर, कपिल देव, रवि शास्त्री सहित तमाम क्रिकेट खिलाड़ी आ रहे हैं। प्रशासनिक अधिकारी के मुताबिक, शिलान्यास समारोह के बाद क्रिकेट के दिग्गज श्री काशी विश्वनाथ धाम का दर्शन-पूजन करेंगे।

पीएम मोदी दोपहर में 12.30 बजे गंजारी स्थित जनसभा स्थल पहुंचेंगे। हेलिपैड पर उतरने के बाद खुली जीप पर सवार होंगे। अभिवादन करते हुए जनता के बीच से मंच पर पहुंचेंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखने के बाद जनसभा को संबोधित करेंगे। करीब एक घंटे तक गंजारी में रहेंगे। जनसभा के बाद पीएम हेलिकॉप्टर से संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के हेलिपैड पर पहुंचेंगे । परिसर का भ्रमण करने के बाद सड़क मार्ग से रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर जाएंगे। ढाई घंटे तक रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में रहेंगे, फिर देर शाम लाल बहादुर शास्त्री एयरपोर्ट से नई दिल्ली रवाना होंगे।

## वाराणसी में तीन कार्यक्रम में शामिल होंगे पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करीब साढ़े पांच घंटे तक शहर में रहेंगे और अलग-अलग तीन कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। पीएमओ की तरफ से जारी सूचना के मुताबिक प्रधानमंत्री 1115 करोड़ से बने अटल आवासीय विद्यालयों का लोकार्पण करेंगे। इन विद्यालयों में कोरोना से मृत माता-पिता के मासूमों को दाखिला मिला है। जरूरतमंदों को भी पढ़ाया जा रहा है। विद्यालय आधुनिक सुविधा संसाधनों से लैस है। पीएम गंजारी में स्टेडियम के शिलान्यास के साथ ही जनसभा भी करेंगे। इसमें 50 हजार से अधिक लोगों के आने का अनुमान है। लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर इस जनसभा से पीएम मोदी बड़ा संकेत दे सकते हैं। रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में काशी सांसद खेल महोत्सव के विजेता प्रतिभागियों से संवाद करेंगे। महिलाओं से संवाद करना है। पीएम मोदी 23 सितंबर को अटल आवासीय विद्यालय के विद्यार्थी और काशी सांसद सांस्कृतिक महोत्सव के विजेताओं के साथ ढाई घंटे बिताएंगे। सिगरा स्थित रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में पहले अटल आवासीय विद्यालयों के विद्यार्थियों की तरफ से लगाई गई प्रदर्शन का उद्घाटन करेंगे, फिर उनसे सीधा संवाद करेंगे।

# तीन भारतीय खिलाड़ियों को चीन ने नहीं दिया वीजा, भारत ने किया विरोध



- चीनी कार्रवाई के खिलाफ भारत के खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने रद्द की एशियन गेम्स के लिए हांगझू की यात्रा

**एजेंसी/नई दिल्ली**

एशियन गेम्स में हिस्सा लेने जा रहीं अरुणाचल प्रदेश की तीन खिलाड़ियों को चीन ने वीजा देने से इनकार कर दिया है। ये तीनों महिला खिलाड़ी भारत की वुशू टीम का हिस्सा थीं। चीन की इस हरकत पर भारत ने कड़ा ऐतराज जताया है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है और हमारे खिलाड़ियों को वीजा देने से इनकार करना बीजिंग के दुराग्रह को दर्शाता है। विदेश मंत्रालय प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, भारत सरकार को पता चला है कि चीनी अधिकारियों ने लक्षित और पूर्व-निर्धारित तरीके से, अरुणाचल प्रदेश राज्य के कुछ भारतीय खिलाड़ियों को चीन के हांगझू में होने वाले 19वें एशियाई खेलों में मान्यता और प्रवेश से वंचित करके उनके साथ भेदभाव किया है।

उन्होंने आगे कहा, हमारी लंबे समय से चली आ रही और सुसंगत स्थिति के अनुरूप, भारत अधिवास या जातीयता के आधार पर भारतीय नागरिकों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार को दृढ़ता से खारिज करता है। अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा। हमारे कुछ खिलाड़ियों के प्रति चीन द्वारा जानबूझकर और चुनिंदा तरीके से बाधा डालने के खिलाफ नई दिल्ली और बीजिंग में मामला दर्ज कराया गया है।

**तीनों महिला खिलाड़ी दिल्ली में रुकीं:** इसके अलावा, चीनी कार्रवाई के खिलाफ विरोध के रूप में, भारत के खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने एशियन गेम्स के लिए हांगझू की अपनी निर्धारित यात्रा रद्द कर दी है। चीन द्वारा वीजा नहीं दिए जाने के कारण तीनों खिलाड़ियों को नई दिल्ली में ही रुकना पड़ा। जबकि भारतीय वुशू टीम के बाकी खिलाड़ी हांगझू के लिए रवाना हो गए।

### लोकसभा में चर्चा के दौरान रमेश बिधूड़ी ने बीएसपी सांसद को अपशब्द कहा

# बीजेपी सांसद बिधूड़ी की टिप्पणी पर मचा बवाल, निलंबन की मांग

- पीएम मोदी की सरकार की तारीफ करने के दौरान बसपा सांसद दानिश अली ने टोका तो रमेश बिधूड़ी ने की अमर्यादित टिप्पणी

**एजेंसी/नई दिल्ली**

लोकसभा में गुरुवार रात 'चंद्रयान-3 की सफलता' पर एक परिचर्चा के दौरान बीजेपी सांसद रमेश बिधूड़ी ने अमरोहा से बीएसपी सांसद कुंवर दानिश अली पर अमर्यादित टिप्पणी की और अभद्र व्यवहार किया। इसके बाद सदन में हंगामा मच गया और विपक्षी नेताओं ने रमेश बिधूड़ी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। अधिकारियों ने बताया कि स्पीकर ने सांसद बिधूड़ी को ये कहते हुए चेताया है कि भविष्य में अगर ऐसा बर्ताव फिर से किया गया तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। दरअसल संसद में कार्यवाही के दौरान भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी चंद्रयान-3 मिशन और इसरो की सफलता पर बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी की सरकार की तारीफ की। जिस पर बसपा सांसद कुंवर दानिश अली ने रमेश बिधूड़ी के संबोधन के बीच उठकर कुछ सवाल उठाए। इसके बाद भाजपा सांसद ने अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल करते हुए इस पर अपनी नाराजगी जताई।

भाजपा सांसद के बयान पर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने मांग की कि रमेश बिधूड़ी को सदन से निलंबित कर देना चाहिए। वहीं नेशनल कॉन्फ्रेंस नेता उमर अब्दुल्ला ने कहा कि 'अगर उन्होंने आतंकवादी कहा है तो हमें इसकी आदत है। इन शब्दों का इस्तेमाल पूरे मुस्लिम समुदाय के खिलाफ किया गया था। मैं समझ नहीं पा रहा हूं कि भाजपा से जुड़े मुस्लिम इसे कैसे बर्दाश्त कर सकते हैं? इससे पता चलता है कि वह हमारे बारे में क्या सोचते हैं? उन्हें शर्म आनी चाहिए।



बीजेपी सांसद रमेश बिधूड़ी।



बीएसपी सांसद दानिश अली।

## बिधूड़ी के बयान से दुख हुआ लेकिन हैरानी नहीं: मनोज झा

राजद सांसद मनोज झा ने कहा कि 'उन्हें रमेश बिधूड़ी के बयान से दुख हुआ है लेकिन वह हैरान नहीं हैं। प्रधानमंत्री के वसुधैव कुटुंबकम का यही सच है। हमें इस बारे में सोचने की जरूरत है अगर ऐसे शब्द देश की संसद में किसी सांसद द्वारा इस्तेमाल किए गए तो देश के मुस्लिमों, दलितों के खिलाफ किस तरह की भाषा को वैधता दी गई है? अभी तक पीएम मोदी ने रमेश बिधूड़ी को लेकर एक शब्द नहीं कहा है।

## विपक्ष के हंगामे पर राजनाथ सिंह ने मांगी माफी

भाजपा सांसद की अमर्यादित भाषा पर विपक्षी सांसदों ने आपत्ति जताई। विपक्ष के हंगामे पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि उन्होंने भाजपा सांसद की बातों को नहीं सुना लेकिन आसन से अपील की कि अगर टिप्पणी से विपक्षी सदस्य नाराज हैं तो इन शब्दों को कार्यवाही से हटा दिया जाए। इसके बाद राजनाथ सिंह ने सांसद के बयान पर माफी मांगी। राजनाथ सिंह के इस कदम की विपक्षी सांसदों ने भी तारीफ की।

## लोकसभा स्पीकर ने लगाई फटकार, कहा मर्यादा बनाए रखें

लोकसभा स्पीकर ने भी रमेश बिधूड़ी को उनके बयान के लिए फटकार लगाई है। स्पीकर ने बिधूड़ी को चेताते हुए उन्हें भविष्य में सतर्कता बरतने को कहा है। स्पीकर ओम बिरला ने भाजपा सांसद से सदन में भाषा की मर्यादा बनाए रखने को कहा है। साथ ही सदन की कार्यवाही से अमर्यादित शब्दों को हटा लिया गया है।

**मामले को विशेषाधिकार समिति के पास भेजने की मांग:** भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी द्वारा सदन में अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल करने के बाद बसपा सांसद कुंवर दानिश अली ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को पत्र लिखा है। इस पत्र में बसपा सांसद ने लोकसभा स्पीकर से मांग की है कि वह इस मामले को जांच के लिए लोकसभा प्रक्रिया के नियम क्रमांक 222, 226 और 227 के तहत विशेषाधिकार समिति के पास भेजें। बसपा सांसद ने लिखा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि नई संसद में यह घटना हुई, जिसमें एक अल्पसंख्यक सदस्य और संसद के चुने हुए सदस्य के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की गई।

**पार्टी ने जारी किया नोटिस:** भाजपा ने बसपा सांसद के खिलाफ असंसदीय भाषा के इस्तेमाल के लिए पार्टी अध्यक्ष जे. पी. नड्डा के निर्देश पर पार्टी सांसद रमेश बिधूड़ी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। पार्टी सूत्रों ने इस बारे में जानकारी दी है।

# सरकार को विधेयक लागू करना है तो अभी करे, इसके लिए परिसीमन क्यों: राहुल गांधी

**एजेंसी/नई दिल्ली**

महिला आरक्षण बिल को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने केंद्र की मोदी सरकार हमला करते हुए कहा है कि वो ध्यान भटकाने का काम कर रही है। अगर सरकार को विधेयक को लागू करना है तो अभी करे, इसके लिए परिसीमन क्यों? उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण बिल आज से ही लागू किया जा सकता है। राहुल गांधी ने कहा, अफसोस है कि 2010 में कांग्रेस के महिला आरक्षण बिल में ओबीसी कोटा नहीं था। सरकार ओबीसी को नहीं अदानी को पावर देना चाहती है। मैं किसी कार्ड की बात नहीं करता हूं। ओबीसी समाज की बात इसलिए करता हूं क्योंकि 50 फीसदी आबादी के नियंत्रण में 5 फीसदी बजट है। इससे मुझे गुस्सा आता है। जिस दिन हमारी सरकार आएगी जाति जनगणना होगी और देश चलाने में उनकी भागीदारी सुनिश्चित होगी। वहीं, राहुल गांधी ने कहा कि ओबीसी सांसदों को मूर्ति बनाने वाली बात उन्हें बीजेपी सांसद ने ही कही थी।





### उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ फाइनल इवेंट का बन सकते हैं साक्षी

# रफ्तार और रोमांच के इवेंट मोटो जीपी का आगाज

- प्रैक्टिस सेशन के साथ नोएडा के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर हुआ मोटो जीपी भारत का पदार्पण
- मुख्य रेस व उसके पहले क्वालीफाइंग रेस 24 सितंबर को होगी आयोजित

**केटी न्यूज ब्यूरो/ग्रेटर नोएडा**

रफ्तार और रोमांच के दीवानों का मनपसंद इवेंट मोटो जीपी का शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर आगाज हो गया। 22 से 24 सितंबर तक चलने वाले इस पहले मोटो जीपी भारत के तहत शुक्रवार को मोटो-3, मोटो-2 और मोटो जीपी के प्रैक्टिस सेशन की शुरूआत हुई। मुख्य रेस और उसके पहले क्वालीफाइंग रेस रविवार 24 सितंबर को आयोजित होगी। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ भी इस फाइनल इवेंट के साक्षी बन सकते हैं। मोटो जीपी के लिए भारत आए 275 ब्रांड्स और कंपनियों के टॉप सीईओज के साथ बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में बिजनेस कॉन्क्लेव में हिस्सा लेने के बाद सीएम भी रफ्तार से भरे इस रोमांचक इवेंट को निहार सकते हैं।



**विदेशी मेहमानों को बताई जाएगी यूपी की ग्रोथ स्टोरी:** सीएम योगी 24 सितंबर को मोटो जीपी से जुड़े बड़े ब्रांड्स और कंपनियों के सीईओ और अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। इन्वेस्ट यूपी के कॉन्क्लेव हॉल में होने वाली इस मीटिंग में सीएम योगी मुख्य वक्ता होंगे। वह विदेशी मेहमानों को उत्तर प्रदेश के बढ़ते कद, बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी, उद्योगों के लिए सुरक्षित माहौल और सरकार की उदार नीतियों से परिचित कराएंगे। इस दौरान उत्तर प्रदेश की समृद्ध छवि पर एक इंट्रोडक्ट्री मूवी भी दिखाई जाएगी। सीएम योगी के साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट मिनिस्टर नंद गोपाल नंदी और इंफ्रास्ट्रक्चर एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कमिश्नर मनोज कुमार सिंह भी उपस्थित रहेंगे। इस दौरान मोटो जीपी के सीईओ और सीसीओ भी संबोधन करेंगे। इस मीटिंग के बाद सीएम योगी कुछ देर के लिए रेस को भी देखेंगे।

**दिग्गज कंपनियों के सीईओज आ रहे हैं यूपी:** इस इवेंट में रेडबुल, शेल, बी-विन, बीएमडब्ल्यू, ओकले, मॉन्सटर, मोटुल, टिसॉट, रेपसॉल, पोलिनी, गो प्रो, हॉन्डा, मिशेलिन, एमेजॉन, डीएचएल व पेट्रोनॉस जैसी 275 दिग्गज कंपनियां किसी न किसी रूप में भाग ले रही हैं। इन कंपनियों के सीईओ व प्रतिनिधि भी इवेंट में शिरकत करने के लिए यूपी आ रहे हैं। मोटो जीपी की छवि एक ऐसे समृद्ध खेल की है, जिसे न सिर्फ बड़ी संख्या में फैंस का सपोर्ट है बल्कि दुनिया भर के बड़े ब्रांड्स भी इसे तवज्जो देते हैं। कुछ वर्षों में इस खेल ने होस्ट कंट्रीज की अर्थव्यवस्था में भी बड़ा योगदान दिया है। यह खेल टू व्हीलर्स इंडस्ट्री को रिप्रजेंट करता है और भारत व एशिया के अधिकांश हिस्सों में इसकी मजबूत स्थिति है।

## लैंड फॉर जॉब स्कैम मामले में कोर्ट ने लिया संज्ञान

# लालू, तेजस्वी व राबड़ी को राउज एवेन्यू कोर्ट से समन



- कोर्ट ने सभी आरोपियों को चार अक्टूबर को हाजिर होने का दिया आदेश
- सीबीआई ने इस मामले में तीन जुलाई को लालू, राबड़ी और तेजस्वी के खिलाफ दायर की थी चार्जशीट

**केटी न्यूज/पटना**

आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। 4 अक्टूबर को उन्हें दिल्ली की कोर्ट में हाजिर होने के लिए कहा गया है। लालू यादव के साथ-साथ तेजस्वी और राबड़ी देवी को भी दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने समन किया है। पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद से जुड़े नौकरी के बदले जमीन मामले में ये बड़ा अपडेट सामने आया है। इससे पहले सीबीआई ने लैंड फॉर जॉब स्कैम में तीन जुलाई को लालू यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव के खिलाफ चार्जशीट दायर की थी।

दिल्ली राउज एवेन्यू कोर्ट ने लालू यादव और उनके फैमिली मेंबर्स समेत इसमें शामिल सभी आरोपियों हाजिर होने का आदेश दिया है। इस चार्जशीट में पहली बार बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को भी सीबीआई ने आरोपी बनाया है। पूरे मामले में 17 आरोपी हैं। सीबीआई की चार्जशीट में रेलवे अफसरों और नौकरी लेने वालों के नाम भी शामिल हैं।

सीबीआई ने इससे पहले दिल्ली की एक अदालत को सूचित किया कि लैंड फॉर जॉब स्कैम में तीन आरोपियों के खिलाफ केस चलाने के लिए जरूरी मंजूरी मिल गई है। केंद्रीय एजेंसी ने विशेष न्यायाधीश गीतांजलि गोयल को बताया कि महीप कपूर, मनोज पांडे और पीएल बनकर के संबंध में आवश्यक मंजूरी सक्षम अधिकारियों से प्राप्त कर ली गई है। कोर्ट ने दस्तावेजों को रिकॉर्ड पर लिया। सीबीआई ने 12 सितंबर को अदालत को सूचित किया था कि उसे लालू प्रसाद यादव के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी मिल गई है। उसने तीनों के संबंध में मंजूरी लेने को लेकर समय मांगा था। एजेंसी ने कथित घोटाले के सिलसिले में तीन जुलाई को लालू यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और उनके बेटे तेजस्वी यादव के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था।

**जमानत पर हैं लालू यादव:** लालू प्रसाद इस मामले के साथ-साथ चारा घोटाला मामले में भी जमानत पर हैं। इस मामले में सीबीआई की ओर से दायर ये दूसरा आरोप पत्र था, लेकिन पहली बार तेजस्वी यादव को आरोपी के तौर पर नामजद किया गया था। लालू यादव परिवार के तीन सदस्यों के अलावा, सीबीआई ने चार्जशीट 14 और आरोपियों को नामजद किया है।

### क्या है लैंड फॉर जॉब घोटाला

2004 से 2009 के बीच लालू यादव रेल मंत्री थे, इस दौरान लैंड फॉर जॉब स्कैम घोटाला हुआ था। इस दौरान रेलव के अलग-अलग डिविजनों में नौकरी के बदले जमीन का सौदा किया गया था। लालू यादव पर यह आरोप है कि रेल मंत्री रहते हुए उन्होंने नियमों की अनदेखी की और रेलवे में नौकरी दी गई। इसके लिए भर्ती नोटिफिकेशन निकाला गया और जिन लोगों को नौकरी दी गई उनके परिजनों द्वारा लालू परिवार के सदस्यों के नाम से देश के कई शहरों में बेशकीमती जमीनों का सौदा किया गया।

# स्वास्थ्य समिति 104 नंबर से कर रही एमडीए अभियान की मॉनिटरिंग

- जिला व प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों से होता है अलग-अलग तरह के सवाल
- दवा सेवन को ले संबंधित अधिकारियों से फोन कर जुटाई जा रही जानकारी

**केटी न्यूज/पटना**



फाइलेरिया उन्मूलन के लिए राज्य में सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। राज्य के 11 जिलों में इस कार्यक्रम का संचालन 20 सितंबर से किया जा रहा है। यह अभियान आगामी 17 दिनों तक संचालित किया जायेगा। इस अभियान के तहत फाइलेरिया से बचाव के लिए आमजन को फाइलेरिया रोधी दवा सेवन कराया जा रहा है। अभियान के सफल संचालन के लिए राज्य स्तर से सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम का अनुश्रवण किया जा रहा है। राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा 104 नंबर से सभी 11 जिलों के सिविल सर्जन, जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारियों, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, जिला एवं प्रखंड स्तरीय कॉम्यूनिटी मोबिलाइजर को फोन कर एमडीए कार्यक्रम की अद्यतन जानकारी ली जा रही है। संबंधित पदाधिकारियों से एमडीए की तैयारियों, सामग्रियों की समुचित उपलब्धता, दवा सेवन में स्वास्थ्यकर्मियों तथा समुदाय की सहभागिता और अभियान के प्रचार प्रसार सहित सभी आवश्यक विषयों पर जरूरी जानकारी ली जा रही है। साथ ही रिफ्यूजल यानि दवा सेवन नहीं करने वालों पर भी नजर रखने की पूरी कोशिश है।

### राज्य स्तर से पहली बार हो रही मॉनिटरिंग

फाइलेरिया के राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ परमेश्वर प्रसाद ने बताया देश में पहली बार बिहार राज्य में 104 नंबर से फाइलेरिया प्रोग्राम की मॉनिटरिंग किये जाने की पहल की गयी है। ऐसा पहली बार हुआ है जब राज्य स्वास्थ्य समिति 104 नंबर द्वारा पूरे अभियान का अनुश्रवण कर रहा है। राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक संजय कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में ऐसा संभव हो सका है। इस प्रकार से होने वाले अनुश्रवण के अच्छे परिणाम आयेंगे।

**कई सवालों की मदद से ली जा रही जानकारी:** डॉ परमेश्वर प्रसाद ने बताया 104 नंबर से सर्वजन दवा सेवन के पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन सभी एमडीए जिलों के संबंधित पदाधिकारियों को फोन कर दवा सेवन संबंधी कार्यों का अनुश्रवण किया जा रहा है। सिविल सर्जन, डीवीबीडीसीओ, डीसीएम और बीसीएम सभी से अलग–अलग प्रकार के सवाल के माध्यम से जानकारी ली जा रही है। सिविल सर्जन से एमडीए से पूर्व गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण तथा डीसीसी बैठक की जानकारी ली जा रही है। इसके अलावा घर घर माइक्रोप्लान और बूथ माइक्रोप्लान जानकारी ली गयी है। मेडिकल कॉलेज में बूथ प्लानिंग, सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की सहभागिता आदि जैसे सवाल पूछे जाते हैं। डीवीबीडीसीओ से दवा उपलब्धता, नेल मार्किंग और फैमिली रजिस्टर, प्रचार–प्रसार सामग्री आदि प्रखंडों के स्वास्थ्य केंद्रों को उपलब्ध कराने संबंधी सवाल पूछ कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की जाती है। जिला एंव प्रखंड स्तर पर अनुश्रवण प्लान और रैपिड रिस्पांस टीम के बारे में जानकारी प्राप्त कर अनुश्रवण कार्य किया जा रहा है। डॉ परमेश्वर प्रसाद ने बताया 104 नंबर द्वारा फोन कर डीसीएम से जिला में गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण की जानकारी, सभी बीसीएम की भागीदारी सुनिश्चित होने, आशा को फैमिली रजिस्टर, नेल मार्किंग के लिए मार्कर पेन, और सुपरविजन फॉर्मेट प्राप्त होने संबंधी सवाल से जानकारी प्राप्त की जा रही है।

# नालंदा में पटना के ईंट-भट्ठा संचालक की पीट-पीटकर हत्या

**केटी न्यूज/पटना**

नालंदा के इस्लामपुर थाना इलाके के जैतीपुर बाजार में गुरुवार की रात एक ईंट-भट्ठा संचालक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान पटना जिले के मनेर थाना इलाके के लोदीपुर गांव निवासी रघुनाथ राय के पुत्र अरुण कुमार के रूप में की गई है। घटना के बाद पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। यह पूरा विवाद पैसों के लेनदेन से जुड़ा हुआ है। अरुण कुमार को यहां ठेकेदार से पैसा लेना था।

इस पूरे मामले में मृतक अरुण कुमार के साथी जयशंकर प्रसाद ने बताया कि जैतीपुर के मोजाहिदपुर गांव निवासी लेबर सप्लायर बिजेंद्र चौधरी को 15 लाख रुपये दिए गए थे। लेबर लाने के लिए पैसे दिए गए थे लेकिन ठेकेदार ने लेबर नहीं पहुंचाया। इसको लेकर ईंट-भट्ठा के मालिक अरुण कुमार बार-बार काफी दिनों से बोल रहे थे। फोन भी करते थे लेकिन कोई रिप्लाई नहीं दिया जा रहा था। इसी कड़ी में गुरुवार की शाम वह ठेकेदार के गांव रुपये लेने के लिए पहुंच गए।

**गाड़ी से खींच कर पीट-पीटकर मार डाला:** साथी ने ही बताया कि ईंट-भट्ठा संचालक ने ठेकेदार को अपनी स्कॉर्पियो में बिठा लिया और साथ ले जाने लगे। ठेकेदार जैतीपुर बाजार के पास ही मिल गया था। पैसे मांगने पर आनाकानी करता रहा। इस बीच ठेकेदार ने अपने लोगों को इसकी जानकारी फोन कर दे दी। इसके बाद उसके लोग पहुंचे और गाड़ी से अरुण कुमार को खींच लिया। इसके बाद पीट-पीटकर मार डाला। इस मामले में हिलसा डीएसपी सुमित कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस जांच में जुट गई है। यह मामला रुपयों के लेनदेन का है। पुलिस ने स्कॉर्पियो को भी बरामद कर लिया है।

# पटना में चोरों का आतंक... एक साथ तीन दुकानों में दिया चोरी की घटना को अंजाम

**केटी न्यूज/पटना**



राजधानी पटना में अपराधिक घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। बेखौफ अपराधी आए दिन अपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। वहीं एक बार फिर पटना में चोरों का आतंक देखने को मिला है। जहां चोरों ने तीन शो रुम में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। दरअसल, यह मामला पटना के बेहद पॉश इलाके बेली रोड स्थित पिलर नंबर 18 के पास का है। जहां केशव पैलेस में ग्राउंड फ्लोर के तीन शो रूम दुकानों के शटर का ताला तोड़ चोरी ने चोरी की घटना को अंजाम दे दिया है। शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र में गुरुवार रात चोरी की बड़ी वारदात को चोरों ने अंजाम दिया है। बताया जा रहा है कि केशव पैलेस के ग्राउंड फ्लोर में स्थित राजस्थान साड़ी शो रूम दुकान को खोलने आए मालिक और कर्मियों जब वहां पहुंचे तो वहां का नजारा देख सबके होश उड़ गए।

बता दें कि, चोरों ने एक दुकान नहीं बल्कि पास के तीन दुकानों साड़ी शो रूम, कॉस्मेटिक शो रूम और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स शो रूम को अपना निशाना बनाया है। दुकानों के शटर का आधा दर्जन तालों को कटर से काट चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। वहीं घटना की सूचना पर सचिवालय डीएसपी सुशील कुमार खुद वारदात स्थल पर फोरेंसिक टीम के साथ पहुंच चोरी की घटना का मुआयना किया है।

फिलहाल बताया जा रहा है कि साड़ी और कॉस्मेटिक शो रूम में चोरी की वारदात को अंजाम देने का पता चला है। वहीं इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम देने वक्त दुकान में लगाए गए सुरक्षा बर्जर के बजने से चोर सतर्क हुए और फरार हो गए है। बहरहाल पुलिस ने चोरी की अनुमानित कीमत नही बता पाई है। जांच के बाद ही स्पष्ट होगा की चोरों ने कुल कितने रकम की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाल चोरों की पहचान करने के प्रयास में जुट गई है।

GYAN JYOTI PUBLIC SCHOOL
Affiliated to CBSE NEW Delhi (10+2)
Rupsager, Main Road, Nawangar Buxar (Bihar)
Cantact No - 6200727438, 7004289776, 7654245005 | Email - gips2011@ Yahoo.in, gyanjyotipublicschool.in




विद्यालय में छात्रों के लिए अत्याधुनिक सुविधा

- असम, बंगाल व दार्जिलिंग के कुशल एवं प्रशिक्षित शिक्षक
- स्मार्ट क्लासेज आडियो एवं वीडियो से कक्षाओं का संचालन
- अत्याधुनिक विज्ञान व कंप्यूटर की प्रयोगशालाएं
- सुव्यवस्थित पुस्तकालय
- खेलकूद, योग, नैतिक शिक्षा व शारीरिक शिक्षा का कुशल ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण
- बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रत्येक क्लास सीसीटीवी कैमरे से लैस
- बच्चों के लिए हैप्पीनेस क्लासेज
- कराटे व स्काउट एंडगाइड का कुशल ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण



केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण



बक्सर, 23 सितंबर 2023
website:keshavtimes.com
e-mail:keshavtimes1@gmail.com



# नो एंट्री टूटते ही डुमरांव में लग रही ट्रकों की लंबी कतार, घंटों परेशान हो रहे लोग

- बाईपास के अभाव में ध्वस्त हो जा रही है शहर की ट्रैफिक व्यवस्था

**केटी न्यूज/डुमरांव**



दिन हो या रात डुमरांव शहर की ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। दिन में गाड़ियों के ओवरलोड के कारण ट्रैफिक व्यवस्था चरमराती ही है लेकिन रात में नो एंट्री टूटते ही सड़क के दोनों किनारे ट्रकों की आवाजाही का जो सिलसिला शुरू होता है वह पूरी रात जारी रहता। बक्सर पटना फोरलेन सड़क के निर्माण के बाद अब बक्सर गोलंबर से बलिया व गाजीपुर को जोड़ने वाला नया पुल भी शुरू हो गया है। जिस कारण बालू लदी ट्रकों की आवाजाही पूरे रात हो रही है।

एक अनुमान के मुताबिक हर दिन हजारों ट्रक इस पथ से गुजरते है। नगर परिषद प्रशासन द्वारा करीब एक दशक पूर्व मौखिक तौर पर दिन में नो एंट्री लागू कर ट्रक तथा अन्य मालवाहन भारी वाहनों के शहर में प्रवेश पर रोक लगाया था। यह सिलसिला आज भी जारी है। जिस कारण ट्रक चालक रात में ही शहर की सीमा में प्रवेश करते है। जिस कारण रात में शहर की मुख्य सड़क स्टेशन रोड से दूसरे वाहनों का गुजरना मुश्किल हो जाता है। यह समस्या तब और गंभीर हो जाती है जब रात आठ बजे के बाद थोड़ी देर के लिए भी यदि पश्चिमी रेलवे क्रासिंग बंद हुई तो पुराना भोजपुर से टेढ़की पुल तक सड़क के दोनों ट्रकों की कतार लग जाती है। इस दौरान स्थानीय लोगों को जरूरी काम के लिए यदि स्टेशन रोड में जाना पड़ता है तो उन्हें महज कुछ किलोमीटर की दूरी तय करने के लिए घंटो इंतजार करना पड़ता है। वहीं रात में सैकड़ों ट्रकों की आवाजाही से स्टेशन रोड में आंधी की तरह धूल उड़ता है। जिससे वाहन चालकों के साथ ही सड़क किनारे घर बनाकर रहने वालों को भी अपना दरवाजा व खिड़की बंद करना पड़ता है। रात में धूल उड़ने से वाहन चालकों के दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा भी बना रहता है।

**बाईपास के अभाव में झेलनी पड़ रही है समस्या:** डुमरांव में बाईपास सड़क का अभाव है। जिस कारण मालवाहक वाहनें बीच शहर से होकर गुजरती है। बता दें कि शहर सैकड़ो वर्ष पुराना है तथा शहर के बीच से होकर गुजरने वाली एनएच 120 सड़क भी बहुत पुरानी है। इस बीच वाहनों क संख्या हजारों गुना बढ़ गई है। शहर की आबादी भी तेजी से बढ़ी है। वाहनों के भारी दबाव के कारण ही स्टेशन रोड में हर समय जाम की समस्या बनी रहती है। इस समस्या का स्थायी समाधान बाईपास सड़क निर्माण को बताया जाता है। लेकिन वर्षों से बाईपास का निर्माण सरकारी फाईलों में धूल फांक रहा है। पिछले साल महरौरा के पास से बाईपास निर्माण की कवायदें शुरू हुई थी। लेकिन विभागीय उदासीनता से अभी तक इसका गजट भी प्रकाशित नहीं हो सका है। लिहाजा निकट भविष्य में इस समस्या का समाधान होते भी दिखाई नहीं पड़ रहा है।

## कोरानसराय नारायणपुर पथ पर कमधरपुर व हरनीचट्टी के बीच की घटना

# बारिश के कारण सड़क पर फिसल गई बाइक, ट्रैक्टर ने बाप-बेटे को रौंदा

- बेटे का इलाज कराने बक्सर जा रहा था पिता, ईंट लदी ट्रैक्टर की चपेट में आने से दोनों की मौत, बाल-बाल बची बेटी की जान
- ट्रैक्टर को जब्त कर चालक की तलाश में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/डुमरांव**





कोरानसराय नारायणपुर पथ पर कमधरपुर व हरनीचट्टी गांव के बीच शुक्रवार को ईंट लदी ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार बाप बेटे की मौत हो गई। जबकि बाइक पर बैठी मृतक की पुत्री बाल बाल बच गई। घटना दिन के 11 बजे की है। इसकी सूचना मिलते ही कोरान सराय पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में ले कागजी कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेजा। वही ट्रैक्टर चालक अपना वाहन छोड़ फरार हो गया है। मृतकों की पहचान नावानगर थाना क्षेत्र के रूपसागर गांव निवासी 35 वर्षीय गणेश यादव तथा उसका 10 वर्षीय पुत्र पिंटू कुमार के रूप में हुई है। जबकि गणेश की 12 वर्षीय बेटी मधु कुमारी इस दुर्घटना में बाल बाल बच गई।

मिली जानकारी के अनुसार गणेश अपने पुत्र का इलाज कराने बक्सर जा रहा था। बाइक पर पुत्र के अलावा बेटी भी बैठी थी। कोरान सराय नारायणपुर पथ पर जैसे ही उनकी बाइक कमधरपुर से आगे बढ़ी तथा हरनीचट्टी के पास पहुंची कि बारिश की वजह से बाइक फिसल गई तथा तीनों गिर पड़े। इस दौरान विपरित दिशा से ईंट लदी एक ट्रैक्टर आ रही थी। बाइक से फिसलकर बाप बेटे ट्रैक्टर के आगे गिर गए थे तथा ट्रैक्टर दोनों को रौंदते हुए पार हो गई। इस दौरान ट्रैक्टर चालक ने ब्रेक लगाने का प्रयास किया लेकिन नाकाम रहा। मधु के सामने ही पलक झपकते उसके पिता व भाई की मौत हो चुकी थी। इसकी जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। उनका रो रोकर बुरा हाल है। इधर स्थानीय पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही ट्रैक्टर को जब्त कर चालक की तलाश में जुट गई है। कोरान सराय थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि सड़क दुर्घटना में बाप बेटे की मौत हुई है। मामले की जांच की जा रही है।

**गांव में पसरा सन्नाटा:** इस घटना के बाद नावानगर थाना क्षेत्र के रूपसागर गांव में सन्नाटा पसर गया है। बताया जाता है कि मृतक गणेश यादव के दो पुत्र तथा एक पुत्री है। जिनमें मधु सबसे बड़ी थी। उसके बाद पिंटू 10 वर्ष का था जबकि छोटा बेटा अभी मात्र 3 वर्ष का है। घरवालों को जैसे ही इस मनहूस खबर की जानकारी मिली तो सभी बदहवास हो गए। सबसे बुरा हाल मृतक की पत्नी सुशीला देवी का था। वह घटना के बाद से ही रह रहकर बेहोश हो जा रही थी।

**क्या कहते हैं थानाध्यक्ष:** मठिला नारायणपुर पथ पर हरनीचट्टी के पास एक सड़क दुर्घटना में बाप बेटे की मौत हो गई है। मृतक नावानगर थाना क्षेत्र के रूपसागर गांव के रहने वाले थे। दुर्घटना को अंजाम देने वाली ईंट लदी टैज्क्टर को जब्त कर लिया गया है। चालक का पता लगाया जा रहा है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा चुका है। **- रंजीत कुमार, थानाध्यक्ष, कोरानसराय**

## इटाढ़ी में फाइलेरिया रोधी दवा खाने के बाद बीमार हुए बच्चे



**केटी न्यूज/बक्सर**

फाइलेरिया से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा बड़े पैमाने पर अभियान चलाया जा रहा है। स्कूली बच्चों को भी फाइलेरिया रोधी दवाएं खिलाई जा रही है। शुक्रवार को इटाढ़ी प्रखंड के चिलबिला गांव स्थित मध्य विद्यालय के पहली से आठवीं कक्षा के सभी बच्चों को यह दवा खिलाई गई। लेकिन दवा खाने के बाद दर्जनों बच्चें बीमार हो गए। जिन्हें इलाज के लिए आनन-फानन में विद्यालय प्रबंधन एवं अभिभावकों ने इटाढी पीएचसी पहुंचाया। वहां से कुल 13 बच्चों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया गया। जहां इलाज के बाद बच्चों की तबीयत में तेजी से सुधार हुआ है।

जानकारी के अनुसार इटाढ़ी प्रखंड के कुकुढ़ा पंचायत के चिलबिला गांव में फाइलेरिया रोधी दवा खाने के बाद बच्चों को चक्कर आने की शिकायत होने लगी। जिसके बाद विद्यालय प्रबंधन ने उन्हें इटाढ़ी पीएचसी पहुंचाया। गंभीर रूप से बीमार 13 बच्चों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया गया। जहां जानकारी मिलने के बाद सिविल सर्जन डा एससी सिन्हा पहुंच कर बच्चों स्वास्थ्य का जायजा लिए। इस संबंध में सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉ योगेंद्र प्रसाद ने बताया कि बच्चे भूखे पेट थे जिस कारण दवा खाने के बाद पेट दर्द, चक्कर एवं उल्टी की समस्या कायम हो गई। वही इस घटना के बाद उनके अभिभावकों में भी डर कायम हो गया। हालांकि डॉक्टरों ने बताया कि चिंता की कोई बात नहीं है।

## नावानगर व सिकरौल थाना क्षेत्र से गायब हुई दो किशोरियां बरामद, आरोपी गिरफ्तार

- किशोरी की मां द्वारा सूरज चौबे, सुदेश चौबे, मनु चौबे व पूजा देवी पर दर्ज कराया गया था नामजद एफआईआर

**केटी न्यूज/नावानगर**

पिछले दिनों नावानगर व सिकरौल थाना क्षेत्रों से गायब हुई दो किशोरियों को पुलिस ने बरामद कर लिया है। वहीं उन्हें दोनों मामलों में पुलिस ने आरोपी को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मिली जानकारी के अनुसार नावानगर पुलिस के अनुसार बीते 23 जुलाई को थाना क्षेत्र के एक गांव से अपहत युवती को बक्सर स्टेशन से बरामद कर लिया गया है। साथ ही उसके अपहरण का आरोपी सूरज चौबे को भी गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में किशोरी की मां द्वारा सूरज चौबे, सुदेश चौबे, मनु चौबे और पूजा देवी पर नामजद एफआईआर दर्ज कराया गया था। थानाध्यक्ष ने बताया कि अपहत किशोरी को बक्सर से बरामद कर फर्द बयान के लिये बक्सर कोर्ट भेज दिया गया है। साथ ही अपहरण के मुख्य आरोपी सूरज चौबे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

वहीं दूसरी ओर सिकरौल पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव से अपहत किशोरी को ब्रह्मपुर चौरस्ता से बरामद किया गया है। वहीं मौके से आरोपी गणेश पासवान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस संबंध में किशोरी के पिता द्वारा नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया गया था। प्राथमिकी दर्ज करने के बाद पुलिस पड़ताल में जुट गई थी।

## परिवार नियोजन पखवाडा में नहीं पहुंचे नसबंदी के लाभुक

**बक्सर।** जिले में परिवार नियोजन को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत विभिन्न स्तरों पर लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस बीच बक्सर सदर प्रखंड के माध्यम से सदर अस्पताल में बंध्याकरण शिविर का आयोजन शुक्रवार को किया गया था। लेकिन लोगों की नसबंदी के प्रति उदासीनता दिखी। जिसके कारण केवल एक महिला बंध्याकरण को लेकर पहुंची। जिसें अगली तिथि में बंध्याकरण कराने की बात कहकर वापस कर दिया गया। ज्ञात हो कि जिले में पुरूष नसबंदी को लेकर जोर दिया जा रहा है। जिससे कि पुरूषों को नसबंदी के प्रति आकर्षित किया जा सके। वहीं पुरूष को नसबंदी कराने पर प्रोत्साहन राशि के रूप में 3 हजार रुपए देने की बात कही गई है।

## बीएसएपी- 4 के प्रशिक्षु जवानों ने सीखा अगलगी से बचाव का तरीका, फायर ब्रिगेड ने आयोजित किया माकड्रिल

**केटी न्यूज/डुमरांव**



हरियाणा फॉर्म स्थित बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस बल- 4 में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षु जवानों को अगलगी से बचाव के तरीके बताए गए। फायर ब्रिगेड द्वारा एक जागरूकता कैंप का आयोजन कर जवानों को आग से बचाव के तरीके बताए गए। इस दौरान उन्हें अग्निशमन के प्रकार एवं उपयोग पर विस्तार से जानकारी दी गई तथा मॉक ड्रिल कर उन्हें व्यवहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया।

इस कार्यक्रम का नेतृत्व जिला अग्निशमन पदाधिकारी विनोद कुमार व डुमरांव अनुमंडल के अग्निशमन पदाधिकारी बृजकुमार चौधरी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। दोनों पदाधिकारियों ने माकड्रिल के माध्यम से प्रशिक्षु जवानों को अग्निशमन से संबंधित कई बिंदुओं पर जानकारी दी और अगलगी से बचाव के तरीकों को सिखाया। जवानों तथा बीएसएपी -4 के अधिकारियों को अग्निकांड से बचाव के लिए तत्पर रहने के प्रति जागरूकर भी किया गया। प्रशिक्षु जवानों तथा अधिकारियों ने फायर ब्रिगेड के इस प्रयास को सराहनीय बताते हुए कहा कि प्रशिक्षण में दी गई जानकारियां जीवन में बहुत काम आने वाली है। इस जानकारी के बाद समय रहते हम अग्निकांड की बड़ी दुर्घटना को रोक सकते हैं। मौके पर बीएसएपी- 4 के कमांडेंट वीणा कुमारी और एमपीटीसी के समादेष्टा सहित कई अधिकारी शामिल रहे। अग्निशमन पदाधिकारी ने कहा आमलोगों की सुरक्षा के लिहाज से माकड्रिल की प्रक्रिया अनवरत जारी रहेगी, ताकि आसानी पूर्वक आग पर काबू पाया जा सके।

## जिले के सभी प्रखंडों में बूथ लगाकर कराया जा रहा फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन

# नौनिहालों और जीविका दीदियों का मिल रहा साथ, सफल होगा अभियान

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिले में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) अभियान तेज हो चुका है। जिले के सभी प्रखंडों में पहले चरण के तहत स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों और संस्थानों में बूथ लगाकार कर दवाओं का सेवन कराया जा रहा है। इसके लिए 20 सितंबर से अभियान शुरू किया गया, जो आगामी छह अक्टूबर तक चलाया जाएगा। इस दौरान एमडीए को सफल बनाने के उद्देश्य से वृहद पैमाने पर लोगों को एल्बेंडाजोल और डीईसी की दवाओं का सेवन कराया जा रहा है। इस अभियान में जीविका परियोजना को शामिल करने से इसे गति मिलेगी और बड़े पैमाने पर लक्ष्य को हासिल किया जा सकेगा। जीविका के डीपीएम चंदन कुमार ने बताया कि जिले के सभी प्रखंडों में जीविका समूह से जुड़ी दीदियों को एमडीए की दवाओं का सेवन करने का निर्देश दिया गया था। जिसमें सभी सदस्यों ने दवाओं का सेवन करने के साथ अन्य लोगों को भी जागरूक किया गया।

**स्वास्थ्य विभाग और पीसीआई इंडिया के सदस्यों की अहम भूमिका:** डीपीएम चंदन कुमार ने बताया, सरकार व विभाग से प्राप्त निदेशों के तहत जिले के सभी जीविका समूह की दीदियों और उनके परिजनों को दवाएं खिलाई जाएगी। इस क्रम में जीविका दीदियों ने अपनी भूमिका साबित की है। वहीं, जो किसी कारणवश जीविका दीदियां अभी भी दवाओं का सेवन करने से वंचित रह गई हैं, उन्हें भी दवाइयां खिलाई जाएंगी। साथ ही, आगामी दिनों में जीविका दीदियां अपने परिजनों को भी फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कराएंगी। इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग और पीसीआई इंडिया के सदस्यों की अहम भूमिका रही है। जिन्होंने अभियान के पूर्व बीपीएम और जीविका दीदियों का ज्ञानवर्द्धन किया। जिससे जीविका दीदियों ने एमडीए में अपनी भूमिका निभाई।

**अभियान के दूसरे दिन 92328 लाभुकों ने खाई दवा:** अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया की जिले में 17 दिनों तक इस अभियान को चलाना है। जिसमें बक्सर जिले में अभियान की शुरूआत ठीकठाक रही। अभियान के पहले दिन 78437 व दूसरे दिन 92328 लाभुकों को दवाओं का सेवन कराया गया। जिसे आगे और गति दी जाएगी। उन्होंने जिलेवासियों से घर-घर अभियान के दौरान आशा कार्यकताओं का सहयोग करते हुए उनके समक्ष फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोगों को समझना होगा की एक बार फाइलेरिया की चपेट में आने के बाद इसका कोई इलाज नहीं है। बस उसे रोका जा सकता है। जिले में अब कोई भी फाइलेरिया का मरीज न मिले, इसलिए सभी को पांच साल तक लगातार वर्ष में एक बार फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन करना होगा।

## एक नजर

### जनता की अदालत में शहरवासियों ने वर्गफीट के आधार पर होल्डिंग टैक्स वसूली का किया विरोध



**डुमरांव।** शहर के शहीद पार्क स्थित एक सभागार में सामाजिक मंच द्वारा जनता की अदालत का आयोजन किया गया। जहां सभी ने एक स्वर में वर्गफीट के आधार पर होल्डिंग टैक्स की वसूली का खुलकर विरोध किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी सह सामाजिक मंच के संयोजक प्रदीप शरण ने किया। शहरवासियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वर्गफीट के आधार पर गृह कर की वसूली करने वाली संस्था विवादित है और कई जगहों पर इसके खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। डुमरांव नगर परिषद जनता को धोखे में रखकर वर्गफीट के आधार पर होल्डिंग टैक्स की वसूली कर रही है, जिसके खिलाफ जन आंदोलन शुरू किया जायेगा। सामाजिक मंच इस मुद्दे पर सभी वार्डों में जनता की अदालत लगाकर लोगों को जगाने के लिए अभियान शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि नगर पर्षद प्रशासन अगर वर्गफीट के आधार पर होल्डिंग टैक्स की वसूली वापस नही लेती है तो इसके खिलाफ आंदोलन किया जायेगा। अपने संबोधन में सामाजिक कार्यकर्ता इस्लाम अंसारी, सुनील चतुवेर्दी, अखिलेश केशरी, अमित कुमार, कमलेश सिंह, वीरेंद्र सिंह, नागेंद्र मोहन सिंह, महेंद्र सिंह, ददन सिंह, दिलीप केशरी, राजेंद्र केशरी, सर्वेश पांडेय आदि ने कहा कि नगर परिषद की सशक्त स्थायी समिति ने नगर परिषद में राजस्व का घाटा दिखाकर वार्ड 17 से 35 तक के वार्डों में वर्गफीट के आधार पर होल्डिंग टैक्स की वसूली करने और विस्तारित क्षेत्र के वार्ड 1 से 16 तक में होल्डिंग टैक्स वसूली की गणना करने का निर्देश दिया है, जो लोगों के साथ वादाखिलाफी है। मौके पर दीनानाथ कुशवाहा, मनोज कुमार, रामजी केशरी, जगदीश प्रसाद, रामजी गुप्ता, नसीम अख्तर सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### रामपुर और जमुआ टोला में कृषि उद्यमी सेवा केंद्र का हुआ उद्घाटन

**केसठ।** प्रखंड के रामपुर पंचायत अंतर्गत शिवपुर गांव व जमुआ टोला गांव में शुक्रवार को कृषि उद्यमी सेवा केंद्र दीदी का दुकान का उद्घाटन जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक और प्रखंड विकास पदाधिकारी मिथीलेश बिहारी वर्मा ने संयुक्त रूप से किया। ज्ञात हो कि इस सेवा केंद्र में जीविका के माध्यम से जीविका सदस्यों द्वारा कृषि कार्य को सरल बनाने पंचायत के लोगों को गांव में ही खाद, बिज उपलब्ध कराने हेतु साथ ही खाते में राशि जमा व निकासी का कार्य किया जा सकेगा। जिससे गांव के सदस्यों को सरलता से उचित दाम से गांव में कृषि संबंधी सूचना और प्रशिक्षण उद्यमी सेवा केंद्र के माध्यम से दिया जायेगा। प्रखंड में चंपा कृषि उद्यमी केंद्र और देवांति उद्यमी केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस दौरान मौके पर प्रखंड परियोजना प्रबंधक धर्मवीर गुप्ता, जिला प्रबंधक फार्म शमीम अहमद, समाजिक विकास प्रबंधक राजेश कुमार, संतोष कुमार, धर्मेन्द्र कुमार सहित सभी जीविका दीदी उपस्थित रही।वही प्रखंड परियोजना प्रबंधन ने बताया की विभागीय निदेर्शानुसार प्रत्येक पंचायत में एक कृषि उद्यमी केंद्र खोलना है। उन्होंने बताया की प्रखंड के दो पंचायतों में ये केंद्र अभी खुला हुआ है वही शेष पंचायत में ये जल्द ही खुलेगा और वहां के किसानों को जल्द ही लाभ मिलेगा।

### गंगा की रक्षा के लिए समाज को बदलनी होगी अपनी जीवनशैली: दत्तात्रेय होसबोले

**हरिद्वार।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने कहा कि गंगा की रक्षा के लिए समाज को अपनी जीवन शैली बदलनी होगी। जीवन शैली बदले बिना गंगा को अविरल और निर्मल करना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि गंगा से ही भारत है। इसलिए इसको बचाना हर भारतीय का धर्म है। हमें अतीत से प्रेरणा लेकर वर्तमान को बदलना चाहिए। हरिद्वार के डिवाइन कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंस में गंगा समग्र के तीन दिवसीय अभ्यास वर्ग के समापन के मौके पर सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने कहा कि आज पंचतत्व में एक जल पर गंभीर संकट है। दुनिया के अनेक संस्कृतियों की प्रवृत्ति बन गई है कि पहले चीज नष्ट करो, फिर उन्हें सुधारने का अभियान चलाओ। इसी का नतीजा है कि पंचतत्व खतरे में है। उन्हें बचाने के लिए जीवन शैली बदलनी होगी। यह संदेश भारत में जी-20 सम्मेलन के जरिए दुनिया को बता दिया है। उन्होंने गंगा को संपूर्ण जल का प्रतिनिधि बताया और कहा कि गंगा के कारण इतिहास है। इसके कारण ही संस्कृति है। गंगा है तो भारत है अनेक कलाओं का विकास गंगा के किनारे हुआ है तथा भारत की आत्मा गंगा में है। उन्होंने समझाया कि गंगा के बिना भारत की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। उन्होंने गंगा समग्र के कार्यकताओं से कहा कि गंगा के साथ ही पर्यावरण की रक्षा के लिए जीवन शैली बदलने की पहल वे खुद करें। फिर समाज को मानस बदले। उन्होंने विश्वास दिलाया कि गंगा समग्र के कार्य की गति बताती है कि यह अभियान लक्ष्य हासिल करेगा। उन्होंने आह्वान किया कि लक्ष्य के प्रति दृढ्ढ संकल्पित होना होगा। नदी से यही सबक लें कि लक्ष्य से पहले रुकना नहीं है। दुनिया से ज्ञान लेना है लेकिन अपनी परंपराओं और संस्कृति को छोड़ना नहीं है।

विश्वामित्र हॉस्पीटल
लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन
विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर बक्सर में डा.यूके सिंह व डा. आर के झा के टीम के द्वारा दूरबीन विधी से प्रोस्टेट, जीबी स्टोन, किडनी स्टोन, अपेंडिक्स, हर्निया, बच्चेदानी, बवासीर, पेट में गांठ या ट्यूमर, ब्रेस्ट ट्यूमर आदि का सफल ऑपरेशन होता है।

डा. राजीव कुमार झा
विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर,बक्सर
मोबाईल नम्बर - 9122950441

# उम. विद्यालय गननकुरा की रसोईया ले जा रही थी एमडीएम का चावल, पकड़ाई



**केटी न्यूज/रतनी**

प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय गननकुरा के रसोईया को एमडीएम का चावल बेचने के लिए ले जाते देखा तो ग्रामीणों ने उन्हें पकड़ लिया। हालांकि भीड़ बढ़ता देख दोनों रसोईया चावल वहीं छोड़ फरार हो गई । जबकि एक रसोईया चावल सहित दुसरे रास्ते से निकल भागी।ग्रामीण संतोष कुमार, नौशाद आलम, शैलेश सिंह ,महावीर बिन्द सहित कई अन्य लोगों ने बताया कि स्कूल के बच्चों द्वारा आरोप लगाया जा रहा था कि स्कूल में उन्हें मध्यान्ह भोजन के दौरान भरपेट भोजन नहीं दिया जा रहा है तो उन्होंने इसकी सूचना विद्यालय के सचिव सुमन देवी को दिया और रसोईया पर निगाह रखने लगे। शुक्रवार को ग्रामीणों ने देखा कि स्कूल के तीनों रसोईया बड़े-बड़े कटौती में एमडीएम का चावल लेकर जा रही हैं तो ग्रामीणों ने रसोईया को रुकवा कर चावल जप्त कर लिया और इसकी सूचना जिला कार्यक्रम पदाधिकारी आनंद कुमार ,प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सर्वजीत एवं बीआरपी मोहन सिंह को दिया ।सूचना पाकर बीआरपी मोहन सिंह और केआरपी सुधीर कुमार तत्काल स्कूल पहुंचे और मामले को समझा ।उन्होंने बताया कि ग्रामीणों की बात सही है एमडीएम का चावल ले जाते जप्त किया गया है। इसकी सूचना वरीय पदाधिकारी को दे दी गई है। उन्हें बताया कि मध्यान भोजन का कालाबाजारी करना गलत है उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों द्वारा भी प्रधानाध्यापक एवं रसोइया की मिली भगत से एमडीएम का चावल बेचने को लेकर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को आवेदन दिया गया है। इस संबंध में डीपीओ आनंद कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। इस घटना को लेकर विद्यालय परिसर में काफी संख्या में ग्रामीण जुट गए एमडीएम के चावल की कालाबाजारी को लेकर ग्रामीणों में काफी रोष दिख रहा था।

## जगदीशपुर थाना क्षेत्र के बभनियांव गांव की शुक्रवार की दोपहर की घटना

# छत पर कपड़ा पसारने के दौरान बिजली तार की चपेट में आने से सरपंच के पुत्र की मौत

♦इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में तोड़ा दम



**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के बभनियांव गांव में शुक्रवार की दोपहर करंट लगने से सरपंच के पुत्र की मौत हो गयी। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही तोड़ दिया। मृतक बभनियांव गांव निवासी शिक्षक रमेश कुमार यादव के 19 वर्षीय पुत्र संजीव रंजन था। वह प्रतियोगिता की तैयारी करता था। उसकी मां रीता देवी बभनियांव ग्राम कचहरी की सरपंच हैं। संजीव रंजन के चाचा सुभाष सिंह ने बताया कि वह शुक्रवार की दोपहर में छत पर कपड़ा पसारने गया था। छत के ऊपर से हाई टेंशन विद्युत प्रवाहित तार गुजरा हुआ है। कपड़ा डालने के दौरान हाई टेंशन विद्युत प्रवाहित तार उसके शरीर से स्पर्श कर गया। उससे वह बुरी तरह झुलस गया और छत पर गिर गया। कुछ देर बाद परिजन छत पर गए और वह बेहोश पड़ा था। उसके बाद उसे इलाज के लिए जगदीशपुर स्थित अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत को चिंताजनक देखते द्वारा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि आरा सदर अस्पताल लाये जाने पर डाक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। बताया जा रहा है कि संजीव रंजन अपने दो भाई और बहन एक बहन में दूसरे स्थान पर था। उसके पिता रमेश कुमार यादव संदेश प्रखंड के नसरतपुर मध्य विद्यालय में पोस्टेड हैं। वर्तमान में वह बभनियांव गांव स्थित मध्य विद्यालय में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत हैं। संजीव का बड़ा भाई राजीव रंजन एयर फोर्स में कार्यरत है। उसके परिवार में मां रीता देवी, बड़ा भाई राजीव रंजन और बहन पूजा कुमारी है। हादसे के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है। मां रीता देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## मां के साथ सड़क किनारे खड़ी तीन बार की बच्ची को अनियंत्रित ऑटो ने रौंदा, मौत

**आरा।** आरा-सासाराम हाइवे पर शहर से सटे उदवंतनगर थाना क्षेत्र के जीरो स्थित के समीप शुक्रवार को एक तेज रफ्तार ऑटो ने मां के साथ रोड किनारे खड़ी एक मासूम बच्ची को रौंद दिया। उसमें बच्ची की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृत बच्ची उदवंतनगर थाना क्षेत्र के रघुपुर गांव निवासी भूपेंद्र सिंह की तीन वर्षीया पुत्री बेबी कुमारी थी। वहीं, हादसे से आक्रोशित लोगों की ओर से हो-हल्ला मचाया गया। उससे कुछ देर के लिए अफरातफरी मची रही। इधर, हादसे के बाद चालक ऑटो छोड़ कर भाग निकला।

सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा ऑटो को जब्त कर लिया गया है। उसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। बच्ची के दादा युगेश्वर सिंह ने बताया कि शुक्रवार दोपहर बेबी अपनी मां के साथ बाजार करने आरा आयी थी। उस क्रम में दोनों जीरो माइल स्थित एक मॉल के समीप सड़क किनारे खड़ी थी। उसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक से आ रहे एक ऑटो ने बेबी को रौंद दिया। उससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर वे लोग घटनास्थल पहुंचे और थाने को सूचना दी गयी। इधर, मिली जानकारी के अनुसार ट्रक से बचने के चक्कर में ऑटो ने बच्ची को रौंद डाला। बताया जा रहा है कि बच्ची दो बहनों में छोटी थी। उसके परिवार में कुंती देवी और बड़ी बहन रुमाती कुमारी है। पटना के बाद बच्ची के घर में कोहराम मचा है। इधर, अपने आंखों के सामने बेटी को कुचलते देख मां तड़प उठी। वह चाह कर भी अपनी बेटी को नहीं बचा सकी। उसका रो-रोकर बुरा हाल था।

## हथियार का भय दिखाकर लोगों को डराने-धमकाने वाला अपराधी गिरफ्तार

**आरा।** नगर थाना की पुलिस ने हथियार के बल पर लोगों को डराने-धमकाने में एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। वह नगर थाना क्षेत्र के अहिरपुरवा गांव निवासी रविंद्र यादव है। उसे गुरुवार की रात उसके घर से गिरफ्तार किया गया। एक देसी कट्टा, एक गोली और एक खोखा बरामद किया गया है। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि गुरुवार की रात सूचना मिली थी अहिरपुरवा गांव निवासी रविंद्र यादव अपने घर में अवैध हथियार रखा है। वह लोगों को डरा-धमका रहा है और फायरिंग भी करता है। उस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए उसकी गिरफ्तारी को लेकर थानाध्यक्ष संजीव कुमार के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। टीम द्वारा तत्काल छापेमारी करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

तलाशी के दौरान उसके घर से एक देशी कट्टा, एक गोली और एक खोखा बरामद किया गया। उससे पूछताछ कर घटना का कारण और हथियार की जानकारी लेने की कोशिश की जा रही है। उसके आपराधिक इतिहास को भी खंगाला जा रहा है। इधर, हथियार बरामदगी के मामले में आर्म्स एक्ट और आपराधिक षड़यंत्र के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

## पानी की समस्या से जूझ रही महिलाओं का फूटा गुस्सा



**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिले के मुख्य मार्ग एन एच 110 जहानाबाद -अरवल मार्ग में राजा बाजार को जाम कर रोष पूर्ण प्रदर्शन किया। महिलाओं ने मुख्य सड़क को जाम कर,पानी के गहराता स?कट से मुक्ति दिलाने की मांग किया। महिलाओं ने बताया कि विगत 6 माह से ठिकेदार द्वारा नाला बनाने को लेकर , पानी सप्लाई वाली पाईप को भी जहां तहां तोड़ कर पानी बर्बाद किया जा रहा है। हम लोगों को नल का पानी घरों में नहीं पहुंच पा रहा है। करीब 6 माह से किसी तरह पानी के अभाव में, जैसे तैसे समय बिताने को विवश हूं। सभी पदाधिकारियों के पास लिखित आवेदन देकर थक चुकी हूं। उनलोगो ने बताई कि जब लाचार हो गया, तो अन्ततः सड़क पर उतरना मजबूरी हो गई है। वही महिलाओं ने बताई कि राजा बाजार मुहल्ले के बार्ड न 3,4,5 में 6 माह से नल जल की समस्या से लोग जूझ रहे हैं और प्रशासन आ?ख मु?द कर सो रहा है।

वहीं जिले के एन एच 110 जो अरवल - जहानाबाद मुख्य मार्ग पर सुबह-सुबह पानी को लेकर जाम होने से करीब 8 किलोमीटर दूर तक जाम की स्थिति बनी हुई है। गाड़ियों की लम्बी कतार लगने से आम आवाम को काफी संकट से गुजरना पड़ रहा है।

## चोरी से बिजली का उपयोग करते पकड़े गए आठ लोग, प्राथमिकी दर्ज

**जहानाबाद :** बिजली विभाग इन दिनों बिजली चोरी करने वालो के खिलाफ पूरे जिले में ताबड़तोड़ छापेमारी अभियान चला रखा है। विभाग के द्वारा वकयादारो के खिलाफ लाइन काटने का अभियान भी निरंतर जारी है। मीटर बाइपास कर एवं बिना कनेक्शन लिए हुए चोरी से बिजली का उपयोग करने वाले के खिलाफ बिजली विभाग द्वारा गठित छापेमारी दल ने आठ लोगो को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा है। विधुत कार्यपालक अभियंता सुनील कुमार ने बताया कि जिले के बड़ी संगत,मंडई, करहरा आदि जगहों में जाँच अभियान चलाया गया। जहाँ बिजली चोरी करते हुए आठ लोगो को पकड़ा गया। पकड़े गए लोगो मे जितेन्द्र कुमार पर 37230 महेश प्रसाद पर 59630 दिनेश कुमार पर 92714 गनौरी चौधरी पर 42754 शैलेंद्र कुमार पर 22056 बिनोद यादव पर 19508 सम्पति देवी पर 14959 एवं मालती देवी पर 47632 रु का आर्थिक जुर्माना लगाते हुए संबंधित थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाया है।

## आपसी झगड़े में छोटे भाई के दरवाजे पर चढ़कर फायरिंग, पूर्व फौजी गिरफ्तार

♦पूर्व फौजी के पास से एक लाइसेंसी बंदूक और छह गोली बरामद

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के नगरी गांव में गुरुवार की रात आपसी झगड़े में पूर्व फौजी द्वारा अपने छोटे भाई के दरवाजे पर चढ़कर फायरिंग की गयी। पूर्व फौजी द्वारा गाली-गलौज करते हुए लाइसेंसी बंदूक से एक-दो राउंड फायरिंग करने की बात कही जा रही है। हालांकि उसमें उनके भाई और उनके घर के सदस्य बाल-बाल बच गए। इस मामले में पुलिस की ओर से त्वरित कार्रवाई करते हुए पूर्व फौजी हरेकृष्ण पांडेय को गिरफ्तार कर लिया गया।

मौके से फायरिंग में इस्तेमाल उनकी लाइसेंसी बंदुक और छह गोलियां भी जब्त की गयी है। पूर्व फौजी नगरी गांव निवासी स्व. भोला पांडेय के पुत्र हैं। पुलिस अब पूर्व फौजी के बंदूक का लाइसेंस रद्द कराने में जुटी है। एसपी प्रमोद कुमार यादव की ओर से शुक्रवार को प्रेस बयान जारी कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जमीन संबंधी विवाद और आपसी झगड़े में गुरुवार की रात करीब नौ बजे हरेकृष्ण पांडेय द्वारा अपने छोटे भाई हरियाणा पांडेय के दरवाजे पर चढ़कर गाली गलौज और फायरिंग की गयी। घटना की सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा के नेतृत्व में टीम गठित कर तत्काल छापेमारी की गयी। पुलिस टीम मौके से हरेकृष्ण पांडेय को लाइसेंसी बंदूक और गोलियों के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी ने बताया कि बंदूक का गलत इस्तेमाल करने के आरोप में लाइसेंस रद्द कराने की प्रक्रिया भी शुरू की जा रही है। वहीं फायरिंग के मामले में हरियाणा पांडेय के बयान पर हरेकृष्ण पांडेय के खिलाफ हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। इधर, थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा के अनुसार हरेकृष्ण पांडेय फौज में नौकरी करते थे। कुछ साल पहले किसी आपराधिक मामले में उन्हें फौज से निकाल दिया गया था।

# जहानाबाद के डीएम का निर्देश... जनता दरबार में आए मामलों को विशेष रूप से ध्यान देते हुए ससमय निष्पादन करें अधिकारी



**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय द्वारा अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन कर जिले के आमजनों के परिवादों को सुना गया एवं संबंधित पदाधिकारियों को उक्त परिवादों के निष्पादन हेतु आवश्यक निदेश दिया गया। जिला पदाधिकारी के जनता दरबार मे लगभग 107 परिवाद प्राप्त हुए जिनमें भूमि विवाद, प्रधानमंत्री आवास योजना, विद्युत विभाग, भू अर्जन, नल-जल योजना सहित अन्य कार्यालयों/योजनाओं से संबंधित थे।

परिवादियों की समस्याओं को सुना गया एवं सभी संबंधित पदाधिकारियों को जनता दरबार में आए सभी मामलों को विशेष रुप से ध्यान देते हुए ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया गया।

जनता दरबार में प्राप्त परिवाद संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित किया गया एवं कुछ मामलों में संबंधित पदाधिकारियों को दूरभाष पर सूचित करते हुए आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। वैसे मामले जो लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत आते हैं उन्हें सुनवाई हेतु पंजीकृत किया गया और ऐसे मामले जो इसके अंतर्गत नहीं है उन पर कार्रवाई करते हुए, संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित निष्पादन करने एवं प्रतिवेदन भेजने के लिए निर्देशित किया गया।

## जिला लोक शिकायत निवारण अधिनियम के तहत अपीलीय वादों की सुनवाई की गयी

जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला लोक शिकायत निवारण अधिनियम के तहत अपीलीय वादों की सुनवाई की गयी। जिला लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अपील से संबंधित कुल 08 मामलें जिला पदाधिकारी के समक्ष आएं, जिनमें 01 मामले पर आदेश पारित किया गया, जो अंचल हुलासगंज में सरकारी भूमि के रसीद काटने से संबंधित है। वहीं शेष 07 मामलें जिसमें अंचल अधिकारी, मखदुमपुर का 03 मामला सभी अतिक्रमण से संबंधित, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, जहानाबाद का 01 मामला पी.सी.सी. ढलाई योजना चयन से संबंधित, अंचल अधिकारी, जहानाबाद सदर का 01 मामला जो अतिक्रमण से संबंधित, अंचल अधिकारी, मोदनगंज का 01 मामला अतिक्रमण से संबंधित तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी, घोषी का 01 मामला है जिसमें पंचायत स्तर पर सरकारी भूमि निर्माण में अनियमितता से संबंधित है। जिला पदाधिकारी ने सभी मामलों पर गहन समीक्षोपरांत संबंधित लोक प्राधिकार को स्थल पर जाकर भौतिक निरीक्षण करने का निदेश दिया तथा अगली निर्धारित तिथि को विस्तृत जांच प्रतिवेदन के साथ निश्चित रूप से उपस्थित होने का निदेश दिया। आज के लोक शिकायत की सुनवाई में सभी लोक प्राधिकार एवं परिवादी उपस्थित थे।

## एक नजर

### भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री ने की अंशु हत्याकांड की निंदा, परिजनों को दिया सांत्वना



**जहानाबाद।** भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री पूर्व विधान पार्षद राधा मोहन शर्मा एवं निवर्तमान भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा ने मखदुमपुर नगर निवासी भाजपा के पूर्व नगर महामंत्री सुरेंद्र कुमार अंशु का अपराधियों द्वारा निर्मम तरीके से की गई हत्या की निंदा करते हुए दुःख प्रकट किया है। आज पूर्व विधान पार्षद राधा मोहन शर्मा भाजपा कार्यकताओं के साथ परिवारजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की एवं परिवार वालों को सांत्वना दिया। उन्होंने कहा कि पूरा भाजपा परिवार इस दुःख की घड़ी में परिवारजनों के साथ खड़ा है। श्री सुरेश कुमार शर्मा ने कहा कि बिहार में जब से महागठबंधन की सरकार बनी है, हत्या का लगातार दौर जारी है। अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। बिहार के आम जनमानस में भय का माहौल है। प्रशासन इस निर्मम हत्या में शामिल अपराधियों को स्पीडी ट्रायल चलाकर कठोर से कठोर सजा दे। इस अवसर पर लोकसभा संयोजक धर्मेंद्र चौहान, मखदुमपुर विधानसभा संयोजक विमलेश कुमार नगर अध्यक्ष विनोद कुमार पूर्व जिला कोषाध्यक्ष रामजन्म शर्मा नगर महामंत्री विवेक कुमार नगर महामंत्री नीतीश कुमार मंत्री संजय राय आईटी सेल संयोजक सबल कुमार मुकेश गुप्ता सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।

### लोजपा रामविलास का मखदुमपुर में बैठक संपन्न

**जहानाबाद।** लोक जन शक्ति पार्टी रामविलास का मखदुमपुर प्रखंड मुख्यालय में समिछा बैठक आयोजित कि गई जिसका अध्यक्षता पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस राज ने किया । बैठक में मुख्य अतिथी लोजपा के जिलाध्यक्ष हेमन्त शरण उर्फ कुंदन शर्मा थे । प्रखंड कमिटी एवं पंचायत अध्यक्ष को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी के रीड आपलोग ही जिस तरह से मकान बनाने में पिलर पर पुरा मकान का भार रहता है ठिक उसी तरह पार्टी उपर पहुँचाने में कार्यकर्ता कें हाथ में होता है हमलोग उस नेता के लिए कार्य कर रहे जिनके पास बिहार को विकसित राज्य बनाने के लिए विजन है कि कैसे बेहतर बिहार प्रदेश बन सके एकमात्र बिहार में चिराग पासवान ही ऐसे नेता जो बिहार के बारे में सोचते हैं ।










# मऊ जनपद में 16 से 31 अक्टूबर तक चलेगा दस्तक अभियान

♦संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान हेतु जनपद स्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न

**केटी न्यूज/मऊ**

जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद में संचारी रोग नियंत्रण अभियान 03 से 31 अक्टूबर तक तथा दस्तक अभियान 16 से 31 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। इस अभियान के दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग एवं पशुपालन विभाग के साथ ही जिला कार्यक्रम विभाग को भी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया जाना है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने पूर्व में संचालित संचारी रोग अभियान की प्रदेश स्तरीय जारी रैंकिंग के बारे में जानकारी लेते हुए इस बार व्यवस्थित ढंग से बेहतर रिपोर्टिंग



करने के निर्देश दिए। उन्होंने संचारी रोग अभियान से जुड़े विभागों को बेहतर कार्य योजना तैयार कर इस अभियान को सफल बनाने को कहा। इसके अलावा इस अभियान के नोडल विभाग चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को उन्होंने पूरे अभियान के दौरान नियमित मॉनिटरिंग एवं पर्यवेक्षण कार्य कर बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जनपद में साफ-सफाई की स्थिति सही नहीं होने एवं लगातार शिकायत मिलने पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने जनपद में मच्छरों के प्रजनन एवं घनत्व की स्थिति की सतत निगरानी के दृष्टिगत नियमित रूप से फागिंग करने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने विद्यालयों में शिक्षकों द्वारा छात्रों एवं अभिभावकों को दिमागी बुखार एवं अन्य वेक्टर तथा जल जनित रोगों तथा क्लोरिनेशन डेमो, पेयजल को उबालना, साबुन से हाथ धोना, शौचालय का प्रयोग करना इत्यादि के विषय में सक्रिय सहभागिता के साथ जागरूक करने के निर्देश दिए।

## पंखे के हुक में लटका मिला युवक का शव

**बलिया।** सहतवार नगर पंचायत के वार्ड नम्बर सात में शुक्रवार की सुबह पंखे के हुक से गमछे के सहारे लटका हुआ युवक का शव मिला। जानकारी होते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

आपको बताते चले कि वार्ड नम्बर सात रेलवे क्रांसिंग के पास निवासी मुकेश राजभर 25 वर्ष पुत्र रोशन राजभर रात को खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया। शुक्रवार की सुबह जब अपने कमरे से बाहर नहीं निकलता तो परिजन उसे जगाने के लिए गये। अनहोनी की आशंका से थक हार कर घर वालों ने दरवाजा तोड़ दिया। कमरे खुलते ही उनके होश उड़ गये। मुकेश का शव पंखे के हुक से गमछे के सहारे लटका हुआ मिला। परिजनों ने इसकी सूचना सहतवार पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतार कब्जें में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए बलिया भेज दिया। परिजनों ने बताया कि मुकेश की शादी इसी वर्ष मई माह में बांसडीह कोतवाली थाना क्षेत्र के मैरीटार में नेहा से हुई थी। पुलिस जांच में जुट गयी है।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत कन्या जन्मोत्सव का आयोजन



**केटी न्यूज/मऊ**

जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुज कुमार की अध्यक्षता में सखी वन स्टाप सेंटर परदहां में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत कन्या जन्मोत्सव मनाया गया, जिसमे जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा बच्चियों एवं उनकी माताओं के साथ मिलकर केक काटकर उनको सम्मानित करते हुए बच्चियों को बेबी किट, मीठाई, फुल माला के साथ उनका उत्साह वर्धन किया गया और साथ ही उनको मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में आवेदन करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा उन्होंने उपस्थित महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान जिला प्रवेश अधिकारी ने बताया कि बेटी के जन्म से लेकर उसके विवाह तक सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही हैं बस जरूरत है तो योजना के बारे में जानकारी करने की। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना अब महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रहा है इस योजना के तहत पहली बार महिला के गर्भवती होने पर महिलाओं को देखभाल व पौष्टिक आहार के लिए तीन किस्तों में 5000 दिए जाते हैं। लाभार्थियों को इस योजना का लाभ पाने के लिए मुख्य रूप से मातृत्व शिशु सुरक्षा कार्ड गर्भवती महिला व उसके पति का आधार कार्ड तथा लाभार्थी के खाते की पासबुक आदि फॉर्म भरते समय जमा करना होता है।

### बलिया के जिलाधिकारी ने तीन प्राथमिक विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

# जांच के दौरान स्कूल में नहीं मिला कोई बच्चा, रजिस्टर में 50 की दिखी उपस्थिति

**केटी न्यूज/बलिया**

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार शुक्रवार को जनपद के हनुमानगंज ब्लाक के तीन प्राथमिक विद्यालयों धरहरा, करनई और सोबई बांध का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्रत्येक विद्यालयों के बच्चों और अध्यापकों के उपस्थिति रजिस्टर, वहां के शौचायलयों की स्थिति, बच्चों को मिलने वाले भोजन और पीने के पानी की व्यवस्था जैसी मूलभूत व्यवस्था का जायजा लिया। किसी स्कूल में बच्चों ने खिचड़ी और तहरी को एक बताया तो किसी स्कूल में एक भी बच्चे उपस्थित ना होने के बावजूद रजिस्टर में 50 बच्चे उपस्थित दिखा दिए गए।



जिलाधिकारी सबसे पहले प्राथमिक विद्यालय धरहरा पहुंचे। उन्होंने बच्चों की उपस्थिति रजिस्टर देखा। कुल टोटल 148 बच्चों के सापेक्ष 76 बच्चे उपस्थित मिले। अध्यापिका पुष्पा सिंह अनुपस्थित पाई गई, जिनके संबंध में स्पष्टीकरण तलब किया। उन्होंने स्कूल के बच्चों से बातचीत की और उन्होंने आज खाने में क्या खाया, यह पूछा । बच्चों ने बताया कि उनको आज लंच में खिचड़ी दी गई थी। प्रधानाध्यापिका पुष्पा कुमारी से पूछा कि मैन्यू अनुसार खाना मिलता है कि नहीं। सकरात्मक जवाब न मिलने पर जिलाधिकारी ने प्रधानाध्यापिका को कड़ी चेतावनी जारी करते हुए खाने की व्यवस्था मेन्यू के अनुसार करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने स्कूल में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया तो पाया कि इसमें दो आंगनवाड़ी कार्यकताओं शारदा देवी और सीता यादव हैं, लेकिन स्कूल में कोई बच्चे नहीं मिले, जबकि रजिस्टर में कुल बच्चों की संख्या 50 दर्शाई गई थी, इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। इसी प्रकार जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय करनई का भी निरीक्षण किया।

इस विद्यालय में अभी एक प्रधानाचार्य दो सहायक अध्यापक और तीन शिक्षामित्र सहित कुल छः अध्यापक थे। बच्चों से बातचीत के दौरान तहड़ी और खिचड़ी में अंतर के बारे में पूछा तो बच्चों ने तहड़ी और खिचड़ी को एक ही भोजन बताया, इस पर जिलाधिकारी ने प्रधानाचार्य अनिल कुमार सिंह को चेतावनी देते हुए बच्चों को भोजन आदि के बारे में भी बताने को कहा। प्राथमिक विद्यालय सोबईबांध में दो शिक्षामित्र, चार सहायक अध्यापक और एक प्रधानाचार्य सहित कुल सात शिक्षक थे। इसमें कुल 148 बच्चों में 70 बच्चे उपस्थित पाए गए। उन्होंने मध्यान्ह भोजन रजिस्टर को भी चेक किया। इसमें कुछ खामियां पाए जाने पर प्रभारी प्रधानाध्यापिका को सुधार लाने की चेतावनी दी।

## सर्पदंश से एक व्यक्ति की मौत

**मऊ।** घोसी थाना क्षेत्र के बेलभद्रपुर गांव में सर्प दंश से एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया जाता है कि महेंद्र पुत्र स्वर्गीय कतवारू 50 वर्ष निवासी बेलभद्रपुर थाना घोसी गुरुवार की शाम अपने घर में खाना पीना खाकर आराम कर रहे थे कि अचानक एक विशैल सर्प ने डंस लिया । परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोहरीघाट में भर्ती कराया जहां उसकी हालत को गंभीर देख चिकित्सक ने मुख्यालय के लिए रेफर कर दिया । परिजनों ने फातिमा अस्पताल ले जाना चाहा, जिसकी रास्ते में ही मौत हो गई ।

## चार आरोपी गिरफ्तार

**बलिया।** मारपीट व एससी–एसटी एक्ट के मामले में गड़वार थाना पुलिस ने दो आरोपी को बुढ़ऊ व दो आरोपी को सिकरियांकला गांव से शुक्रवार को गिरफ्तार किया। चारों आरोपियों को पुलिस ने संबंधित धाराओं में न्यायालय चालान कर दिया। चारों आरोपियों का नाम सुरेश राम पुत्र सुक्खी राम, पंकज पुत्र बीर बहादुर, हरेराम पुत्र स्वर्गीय राजरूप राजभर व जयप्रकाश पुत्र राजरुप राजभर है।




## किन्नर समाज के लोगों को स्वरोजगार उपलब्ध कराने की मांग

**बलिया।** किन्नर आयोग की जनपदीय ईकाई की अध्यक्ष जितेंद्र चौबे के नेतृत्व में किन्नरों ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री को संबोधित छह सूत्री ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया कि किन्नर समाज के लोगों को शासन से अनुमन्य सुविधाएं जैसे समस्त किन्नरों के लिए आयुष्मान कार्ड अथवा मुख्यमंत्री गोल्डन कार्ड की सुविधा से जोड़ने, गरीब किन्नर जो आवास विहीन है, ऐसे किन्नर समाज के सदस्यों को सरकार द्वारा मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाए।सरकार द्वारा संचालित निः शुल्क राशन योजना से आच्छादित किया जाये, सेनानी आश्रित किन्नरों को शासन द्वारा जारी सुविधाओं का लाभ दिलाया जाए,और किन्नर समाज के लोगों को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की मांग की गई।

# डेंगू, स्क्रब टायफस व अन्य संचारी रोगों के नियंत्रण के लिए बरतें सावधानी: जिलाधिकारी

**केटी न्यूज/बलिया**

जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान की समीक्षा की। शहरी क्षेत्र के अलावा हनुमानगंज व सोहांव ब्लॉक क्षेत्र में डेंगू का ज्यादा प्रकोप होने पर सम्बन्धित एमओआईसी व ब्लॉक के अधिकारियों को गंभीर हो जाने का निर्देश दिया। कहा कि इसकी रोकथाम के लिए शीघ्र टीम बनाकर उस क्षेत्र में जनजागरूकता व अन्य गतिविधियां युद्धस्तर पर संचालित की जाए। खासकर झाड़ियों में रहने वाले चूहा व छछूंदर के काटने से होने वाले स्क्रब टायफस (बुखार) के प्रति भी जागरूक करने पर विशेष बल देने को कहा। उन्होंने अभियान के



अन्तर्गत संचालित गतिविधियों की रिपोर्ट भी प्रतिदिन शाम को देने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान समय संचारी रोग का ही चल रहा है, इसलिए यह अभियान पहले से भी अधिक महत्वपूर्ण है। सामान्य तौर पर भी संचारी रोगों के रोकथाम के प्रति सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग, सभी नगर निकायों और पंचायती राज विभाग को इसके लिए प्रति जिम्मेदारी से कार्य करने की हिदायत दी। स्पष्ट किया कि जनहित से जुड़ा यह महत्वपूर्ण कार्य है, लिहाजा किसी भी स्तर पर लापरवाही हुई तो बड़ी कार्रवाई होगी। समीक्षा के दौरान डेंगू के सबसे ज्यादा केस शहरी क्षेत्र, हनुमानगंज व सोहांव ब्लॉक में सामने आए। इस पर जिलाधिकारी ने सवाल किया कि इसकी रोकथाम के लिए क्या प्रयास हुए। सम्बन्धित एमओवाईसी पर नाराजगी जताते हुए जल्द ब्लॉक के बीडीओ व नगर निकाय के अधिकारियों के साथ बैठक कर युद्धस्तर पर साफ-सफाई, फॉगिंग सहित अन्य जरूरी कार्यवाही सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

सीएमओ डॉ जयंत कुमार को भी इसकी प्रतिदिन समीक्षा करने को कहा। ग्रामीण लोगों व स्कूली बच्चों के बीच जनजागरूकता कार्यक्रम कराने पर विशेष जोर दिया।

# मऊ डीएम ने अनफिट वाहनों को नोटिस भेजकर कार्रवाई करने का दिया निर्देश

♦जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला विद्यालयन यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

**केटी न्यूज/मऊ**



जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में जिला विद्यालयन यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक के दौरान एआरटीओ सुहेल अहमद ने बताया कि स्कूली बच्चों के सुरक्षित आवागमन के लिए बनाई गई उत्तर प्रदेश मोटरयान नियमावली 2019 के समस्त उपबंधों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है एवं प्रत्येक वाहनो की जांच कराई जा रही है तथा जांच के दौरान अनफिट वालों के खिलाफ कार्यवाही भी की जा रही है। उन्होंने बताया कि जनपद में संचालित 110 स्कूली वाहनों का फिटनेस खराब होने की स्थिति में उनके खिलाफ नोटिस भेजने की कार्यवाई की गई है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने स्कूली वाहनो का अभियान चला कर नियमित जांच करने तथा अनफिट होने की स्थिति में उनके खिलाफ नोटिस भेजने सहित अन्य कड़ी कार्रवाईया करने के निर्देश एआरटीओ को दिए। इस कार्य में लापरवाही पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। उन्होंने स्कूली वाहनों में मानक के अनुरूप बच्चों को लाने ले जाने एवम् निर्धारित सीट से अधिक बच्चों को वाहन में न बैठाने की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने समस्त विद्यालयों के प्रबंधकों को उनके विद्यालय में संचालित वाहनों की व्यवस्था इस प्रकार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि स्कूली वाहन में बच्चों को स्कूल आने-जाने में 1 घंटे से अधिक समय न लगे। जिलाधिकारी ने ई-रिक्शा के माध्यम से बच्चों को स्कूल जाने की अनुमति न होने पर इस पर रोक लगाने के निर्देश दिए।

## निर्दोष युवकों को न फंसाए जाने की अपील

**गड़वार।** चिलकहर हत्याकांड को लेकर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों ने शुक्रवार की दोपहर गड़वार थाने के प्रभारी निरीक्षक संजय शुक्ला को ज्ञापन सौंपा। प्रदेश महामंत्री राजबहादुर सिंह ने कहा कि हत्याकांड में जो शामिल हैं वे सब जेल जाएं, लेकिन निर्दोष युवकों को न फंसाया जाए तथा पुलिसिया उत्पीड़न रोका जाए। जो दोषी है उसे सजा मिले वह चाहे कोई भी हो, लेकिन निदोर्षों को फंसाए जाने पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा चुप नहीं बैठेगी।

## युवक घायल

**सिकंदरपुर।** थाना क्षेत्र के चंददायर गांव में शुक्रवार की सुबह टांगी से लकड़ी काटते समय एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने घायल युवक को पहले सीएचसी पहुंचाया, जहां हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।



## खबरें फटाफट

### वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**चंदौली।** जिले के जलीलपुर पुलिस चौकी अंतर्गत पड़ाव से रामनगर मार्ग पर जलीलपुर गांव के समीप मंगलवार की रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से चौरहट गांव के नई बस्ती निवासी सलमान नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को इलाज के लिए बीएचयू के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया था जहां बीती रात उसकी मौत हो गई। वाराणसी के लंका थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया। बताया जा रहा है कि चौरहट के नई बस्ती निवासी सलमान वाराणसी के नई सड़क पर एक कपड़े की दुकान में कार्य करता था। गुरुवार की रात को अपना कार्य समाप्त कर 10:30 बजे घर के लिए चल पड़ा था पड़ाव से पैदल रामनगर मार्ग पर जलीलपुर गांव के समीप मंगलवार की रात तेज गति से आ रहे हैं अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक के सिर में गंभीर चोट लग गई जिससे वह वही गिरकर चीखने चिल्लाने लगा। आसपास के लोगों ने उसे उठाकर उसके घर पहुंचा परिजन एंबुलेंस बुलाकर उसे रामनगर स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल ले गए जहां चिंताजनक स्थिति होने पर वाराणसी के ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।

### दुर्गा पूजा तैयारी को लेकर हुई चर्चा

**चंदौली।** बलुआ स्थित दुर्गा पूजा समिति की बैठक दुर्गा पूजा स्थल पर गुरुवार की रात में संरक्षक प्रेम शंकर गुप्ता की अध्यक्षता में हुई । जिसमें दुर्गा पूजा पर तैयारी को लेकर चर्चा की गई । बलुआ में दुर्गा पूजा समिति द्वारा विगत 43 वर्ष से खुद के हांथो से पंडाल तैयार कर दुर्गा पूजा समारोह मनाया जाता है । इस वर्ष 44 वां वर्ष है । इस वर्ष भी महोसत्व धूमधाम से मनाने को लेकर बैठक में चर्चा की गयी । समिति के अध्यक्ष घनश्याम चौरसिया ने बैठक में कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य पंडाल का निर्माण होगा । जो समिति के कार्यकताओं द्वारा पंडाल का निर्माण होगा । इस बार पंडाल कोर्णाक मन्दिर की तर्ज निर्माण होगा । मां की प्रतिमा 21 अक्टूबर को होगा । विसर्जन धूमधाम से 26 अक्टूबर होगा । प्रतिदिन मां की अलग अलग झांकी के साथ आरती होगा । वही रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा । बैठक में व्यवस्थापक राजू जायसवाल, गुड्डू गुप्ता, रविन्द्र साहनी, रोहित गौड़, अमित साहनी, राहुल कुमार, पंकज चौरसिया, विजय शंकर चौरसिया, सन्तोष, शंभु आदि लोग उपस्थित थे ।

### गौशाला बनाने को लेकर ग्रामीण आक्रोशित

**चहनियां(चंदौली)।** पकड़ी-महुअरिया ग्राम सभा में उस समय ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो गया जब लेखपाल अनिल व सेक्रेटरी प्रेमचन्द गोशाला बनाने के लिए जमीन की नापी करने पहुँचे गये । जैसे ही इसकी भनक ग्रामीणो को लगी कि दर्जनों की संख्या मे ग्रामीणों ने पहुँचकर विरोध जताया। गौशाला बनने वाली जमीन से सटा हुआ पकड़ी का प्राथमिक विद्यालय है जिसकी प्रधानाध्यापक प्रमिला देवी ने भी विरोध जताते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी को अवगत कराया । ग्राम सभा पकड़ी महुअरिया में लेखपाल अनिल बिना प्रधान के सहमति से गांव के आराजी नंबर 447 को गौशाला बनाने के लिए आवंटित कर दिया है । जिसकी जानकारी प्रधान सहित किसी भी ग्रामीण को नही हुई । प्रधान व ग्रामीणो को इसकी सूचना तब हुई जब लेखपाल अपनी टीम के साथ जमीन का नापी करने पहुँच गये । वही प्रधान ग्रामीणो सहित मौके पर पहुंच कर विरोध जताया। प्रधान शिवकुमार ने बताया कि बिना मेरी जानकारी के यह जमीन गौशाला के लिए लेखपाल ने मनमानी करते हुए आवंटित की है । जिसका हम लोग विरोध कर रहे है। प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका प्रमिला देवी ने भी ऐतराज जताया।

# छात्राओं ने रंगोली बना गंगा को स्वच्छ रखने का दिया संदेश



**केटी न्यूज/चहनियां(चंदौली)**

♦स्वच्छता पखवाड़ा के तहत आयोजित हुआ कार्यक्रम

स्वच्छता पखवाड़ा के तहत वन विभाग व गंगा सेवा समिति के नेतृत्व में गंगा स्वच्छता अभियान गोष्ठी में शुक्रवार को बाल्मीकि इंटर कालेज की छात्राओं ने रंगोली बनाया । रंगोली के माध्यम से गंगा स्वच्छ रखने का संदेश दिया । गोष्ठी कर लोगो को जागरूक किया गया । प्रभागीय वनाधिकारी काशी वन्य जीव प्रभाग रणबीर मिश्रा रामनगर वाराणसी व एसडीओ सत्यपाल के निर्देशन मे क्षेत्रीय वनाधिकारी नित्यानन्द पाण्डेय चहनिया रेंज टीम व गंगा सेवा समिति बलुआ के द्वारा स्वछता ही सेवा कार्यक्रम 15 से 2 अक्टूबर तक के विभिन्न कार्यक्रम के दौरान पतित पावनी पश्चिम वाहिनी मां गंगा के तट पर वाल्मीकि इंटर कॉलेज के छात्राओं द्वारा रंगोली, चित्रकला, नुक्कड़ नाटक, गंगा स्वच्छता गोष्ठी का सफल आयोजन किया गया । वाल्मीकि इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मनोज वर्मा के नेतृत्व में कलाध्यापक सत्येंद्र कुमार वर्मा व सहयोगी अशरफ आलम व रूपा भारद्वाज के द्वारा छात्राओं ने राष्ट्रीय पक्षी मोर, कमल का फूल, नमामि गंगे चित्रकला, श्री गणेश का रंगोली बनाकर कार्यक्रम को सफल बनाया । राष्ट्रीय पक्षी मोर कक्षा 11 की कोमल प्रजापति, अंबिका भास्कर, प्रियंका कुमारी, रूबी निषाद, व कमल के फूल का चित्रकला हिना बानो, तनु बानो ,नमामि गंगे चित्रकला को निधि यादव,आंचल विश्वकर्मा, और भगवान श्री गणेश का चित्रकला शैलपुत्री निषाद, सुकन्या निषाद ने बनाया ।

## चंदौली के व्यापारियों ने एएसपी नक्सल के साथ बैठक में रखी समस्याएं

# व्यापारियों की समस्या का तुरंत कराया जाएगा समाधानः सुखराम

♦बैठक में एएसपी ने समस्याओं के समाधान का दिया भरोसा

**केटी न्यूज/चंदौली**



जनपद के पुलिस लाइन सभागार में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की बैठक शुक्रवार को पुलिस लाइन सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) सुखराम भारती एवं सीओ सदर रामवीर सिंह के मौजूदगी में सम्पन्न हुई जिसमें व्यापारियों ने अपनी समस्याओं को अपर पुलिस अधीक्षक (आपरेशन) व सीओ सदर के सामने रखा।

इस दौरान व्यापारियों ने जहां जाम का झाम, बिजली व्यवस्था के साथ ही एवं आगामी त्यौहार पर कस्बों एवं नगरों में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की। व्यापारी सुरक्षा की मांग दुहरायी एवं अन्य सभागार में मौजूद व्यापारियों ने सड़क पर आड़े खड़े तिरछे वाहनों के कारण जाम की स्थिति से और दुकानदारों को बेवजह नोटिस देकर परेशान किया जा रहा है बाट-माप व और फूड विभाग के अधिकारी व्यापारियों को आए दिन प्रताड़ित करते रहते हैं। ऐसी कई समस्याओं को अवगत कराया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं से निस्तारण किया जाए व्यापारी बंधुओं पर जो पुराने केस चल रहा है उनको तुरंत समाप्त किया जाए। व्यापारियों के साथ कोई दुर्व्यवहार ना किया जाय, प्रशासन को कदम से कदम मिलाकर चलने की आवश्यकता है देश की अर्थव्यवस्था के साथ व्यापारियों के लिए कहा भूमिका होती है व्यापारी भी इस देश का सिपाही होता है। इस इस बाबत पर एडिशनल एसपी (ऑपरेशन) सुखराम भारती ने कहा कि व्यापारियों की समस्या को तुरंत हल कराया जाएगा। व्यापारियों किसी भी प्रकार की कोई भी शिकायत होती है और तुरंत प्रशासन को अवगत कराने का कार्य करें। हम लोग व्यापारियों के प्रति उनकी समस्या का निस्तारण प्रयास करेंगे। इस बैठक में शामिल जिला महामंत्री अनिरुद्ध जायसवाल, जिला महिला अध्यक्ष अर्चना देवी, आभा चौरसिया, मंजू जायसवाल, घूरेलाल कन्नौजिया, रीता रंजन, रघुवर शर्मा, शीला देवी, बसंत गुप्ता, शीला गुप्ता, कंचन शर्मा, महेंद्र गुप्ता आदि कई लोग उपस्थित रहे।

### चार पहिया वाहन के धक्के से व्यक्ति की मौत

**गाजीपुर।** मुहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के परसा निवासी विमल कुमार राय (50) चार पहिया वाहन के धक्के से गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन- फानन में स्थानीय लोग उन्हें नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र ले जा रहे थे, लेकिन अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते में उनकी मौत हो गई। घटना लगभग छह बजे सुबह की है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक विमल कुमार राय अपने खेत में सिंचाई कर वापस अपने घर आ रहे थे। तभी अपने गांव के हनुमान मंदिर के पास सड़क पार करते समय बलिया की तरफ से मुहम्मदाबाद जा रहे चार पहिया वाहन ने जोरदार धक्का मार दिया।

जिसे घटना स्थल पर वह गिर पड़े। मौके पे गांव वालों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना पाकर घर वाले उन्हें मुहम्मदाबाद सरकारी अस्पताल ले जा रहे थे कि रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मृतक विमल कुमार राय के दो पुत्र निर्भय कुमार राय , आनंद कुमार राय है। दोनों की शादी हो चुकी है। मृतक की पत्नी उषा राय की रोते-रोते बुरा हाल है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना पाते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।

## सरकार शिक्षा को बेहतर बनाने को लेकर प्रयासरतः विधायक



**केटी न्यूज/चंदौली**

ब्लाक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को महेंद्र टेक्निकल इंटर कालेज सभागार में हुआ। इसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि पीडीडीयू नगर विधायक रमेश जायसवाल ने किया। साथ ही बच्चों को बेहतर शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने के साथ ही सरकार की योजनाओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने को लेकर हर स्तर से प्रयासरत है। इसके लिए जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। इसका लाभ भी छात्र-छात्राओं को मिल भी रहा है। कहा कि सदर ब्लाक शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उन्नति की तरफ अग्रसर है। राज्य सरकार की ओर से संचालित नीतियों के परिणाम स्वरूप विद्यालय के शैक्षणिक एवं भौतिक उन्नयन से उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है। खंड शिक्षाधिकारी अजीत पाल ने विद्यालयों को निपुण बनाने के संबंध में विभिन्न दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख संजय सिंह, उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला संयोजक आनन्द सिंह, प्रीतेश उपाध्याय, सुभाष यादव, सुनील शर्मा, सत्येंद्र शर्मा, संदीप दुबे, रिंकू यादव, उपाशंकर यादव, सुधीर सिंह, अकरम, मनोज शर्मा, जय बहादुर सिंह आदि शिक्षक मौजूद रहे।

### पानी से भरे गड्ढे में डूबकर बालक की मौत

**गाजीपुर।** रेवतीपुर थाना क्षेत्र के सकलपुरवां के समीप शुक्रवार की? शाम करीब तीन बजे पानी से भरे गड्ढे में डूबकर संदीप यादव (11) निवासी रामवृक्ष का पुरवां थाना रेवतीपुर की मौत हो गई।घटना की जानकारी होते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ इकठ्ठा हो गई । जबकि अपने इकलौते पुत्र की मौत की खबर सुनकर परिजनों में चीख-पुकार मच गई।उधर पुरवां में घटना के चलते पूरी तरह से सन्नाटा पसर गया। हादसे की सूचना लोगों ने पुलिस को दी इसके तत्काल बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को पानी से बाहर निकालकर कब्जे में ले उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के मुताबिक घर से कुछ दूरी पर भैंस चर रही थी। उसे घर लेकर आने के लिए संदीप डंडा लेकर निकल पडा। बगल के ही सकलपुरवां के समीप पानी से भरे गड्ढे के पास वह ज्योहीं जानवरों को आवाज लगाया। इस दौरान उसका पैर फिसल गया।जिसके चलते वह गहरे पानी में चला गया। परिजनों ने बताया कि मौके पर मौजूद लोगों ने उसे बचाने की भरसक कोशिश की।

## पंचायत प्रतिनिधियों व रोजगार सेवकों के आठ दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन



**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जनपद के रेवतीपुर ब्लाक मुख्यालय परिसर में जले जीवने मिशन के तहत विकास खंड स्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों, रोजगार सेवकों आदि का चार ग्रुपों में आठ दिन तक चले इस प्रशिक्षण शिविर का शुक्रवार को समापन हो गया। इस दौरान कुल 220 लोगों ने प्रशिक्षण लिया। जिन्हें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख अजिताभ राय राहुल ने कीट वितरित किया। बता दें कि आठ दिनों तक चले इस कार्यक्रम में कुल 780 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिन्हें जलजीवन मिशन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस बीच कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख अजिताभ राय राहुल ने कहा कि जल ही जीवन है। इसके बिना सब बेकार है। उन्होंने आह्वान किया कि जल के संचय को लेकर सभी को गंभीर होना होगा। जल का वेवजह दोहन समाज के लिए ही नहीं प्रकृति के लिए भी घातक साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार इसी को ध्यान में रखकर हर घर जल नल योजना के तहत शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए शहरी से लेकर ग्राम पंचायत स्तर पर पानी टंकी का निर्माण करा रही है। ब्लाक प्रमुख ने कहा कि इस योजना के तहत गांव के युवाओं को प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ा जा रहा है। इससे उन्हें अब रोजगार के लिए अपना घर नहीं

## पीजी कॉलेज गाजीपुर में पूर्व शोध प्रबंध प्रस्तुत संगोष्ठी का आयोजन

# हिन्दी आलोचना का वास्तविक रूप भारतेन्दु युग से आरंभ हुआः वर्मा

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



पीजी कॉलेज गाजीपुर में पूर्व शोध प्रबंध प्रस्तुत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी महाविद्यालय के अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ तथा विभागीय शोध समिति के तत्वावधान में महाविद्यालय के सेमिनार हाल में सम्पन्न हुई। जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापक, शोधार्थी व छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

उक्त संगोष्ठी में भाषा संकाय के हिंदी विषय के शोधार्थी यशवंत सिंह वर्मा ने अपने शोध शीर्षक हिंदी आलोचना के बढ़ते चरण और दलित साहित्य का मूल्यांकन नामक विषय पर शोध प्रबन्ध व उसकी विषय वस्तु प्रस्तुत करते हुए कहा कि हिन्दी आलोचना की पृष्ठभूमि संस्कृत काव्यशास्त्र के विकास में अवस्थित है। हिन्दी आलोचना का वास्तविक रूप भारतेन्दु युग से आरम्भ होकर द्विवेदी युग में पुष्ट होता है। द्विवेदी युग की प्रतिक्रिया में छायावाद का जन्म हुआ। इस क्रम में वर्तमान समय में भी आलोचना पर कार्य हो रहा है। दलित साहित्य की संवेदना हिन्दी साहित्य की परंपरागत संवेदना से नितान्त भिन्न है। दलित साहित्य का आधार स्तम्भ अंबेडकर चिंतन तथा दर्शन है। जिसमें समाज उत्थान तथा समानाधिकार की बात पर जोर, जातिवाद का उन्मूलन, नारी शिक्षा, अन्तजार्तीय विवाह की चर्चा आदि पर बहुत गम्भीर चिंतन एवं बहस है। अंबेडकर द्वारा लिखित ह्यकास्टपन इंडिया -देयर मैकेनिज्म', 'जेनेसिस एण्ड डेवलपमेंट' (1916) से लेकर बुद्ध एण्ड हिज धम्म' (1956) तक उनके विचारधारा के दर्शन ही दलित साहित्य एवं हिन्दी दलित आलोचना के केन्द्र बिंदु में गरजते-बरसते नजर आते हैं। प्रस्तुतिकरण के बाद विभागीय शोध समिति, अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ व प्राध्यापकों तथा शोध छात्र-छात्राओं द्वारा शोध पर विभिन्न प्रकार के प्रश्न पूछे गए। जिनका शोधार्थी यशवंत सिंह वर्मा ने संतुष्टिपूर्ण एवं उचित उत्तर दिया। तत्पश्चात समिति के चेयरमैन एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफे० (डॉ०) राघवेन्द्र कुमार पांडेय ने शोध प्रबन्ध को विश्वविद्यालय में जमा करने की संस्तुति प्रदान किया। इस संगोष्ठी में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफे० (डॉ०) राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय, अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ के संयोजक प्रोफे० (डॉ०) जी० सिंह , मुख्य नियंता प्रोफेसर (डॉ०) एसडी सिंह परिहार, शोध निर्देशक डॉ० संजय चतुर्वेदी एवं हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफे० (डॉ०) विनय कुमार दुबे, डॉ० संजय कुमार सुमन, डॉ० योगेश कुमार,डॉ० समरेंद्र नारायण मिश्र, डॉ० धर्मेंद्र निषाद, डॉ० मनोज कुमार मिश्र, डॉ० भोलेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ० अतुल कुमार सिंह एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकगण तथा शोध छात्र-छात्रएं आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### पूरी ईमानदारी से कर्मचारी अपनी ड्यूटी निभाएं ताकि कोई उंगली न उठा सकेः डॉ. सीपी मिश्रा



**गाजीपुर।** बिरनो ब्लाक स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में एक विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त कर्मचारी श्रीमती कुंडल सिंह व मंजू राय रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डा0 सीपी मिश्रा ने किया। डा. मिश्रा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हम चाहेंगे कि आप सभी कर्मचारीगण अपने कर्तव्यों का पालन करें। कहीं भी ड्यूटी करने में कोताई न बरतें। जिससे हमारे किसी भी कर्मचारियों पर कोई भी व्यक्ति अंगुली न उठा सके। दोनों सेवा निवृत कर्मचारियों को रामायण व स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया गया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वास्थ्य अधीक्षक डा0 सीपी मिश्रा व संचालन पूर्व स्वास्थ्य शिक्षाधिकारी डा0 झारखंडेय यादव ने किया। इस अवसर पर अरुण कुमार सिंह, संजय श्रीवास्तव, प्रमोद यादव, रामपूजन, उमेश गुप्ता ,अजय कुमार, अजय यादव, धर्मेन्द्र प्रसाद. रामभजन, अतेंद्र सिंह, राजेश यादव , शशांक तिवारी व समस्त एएनएम व सीएचओ सहित समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ का चुनाव 24 को, 3228 लोग चुनेंगे पदाधिकारी

**गाजीपुर ।** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ का चुनाव 24 सितंबर को गाजीपुर स्टार पैलेस खजुरिया में पूर्वाह्न नौ से चार बजे तक होगा।इस दौरान सभी सफाई कर्मी अपने मत का प्रयोग करेंगे। चुनाव अधिकारी अनूप गुप्ता और मुबारक हुसैन ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए रोशन लाल और जेपी में आमने-सामने की टक्कर देखने को मिल रही है। इसी क्रम में कोषाध्यक्ष के लिए विनोद चौधरी और संजय राम, महामंत्री पद के लिए अजय कुशवाहा और ईश्वर यादव, संगठन मंत्री के लिए इम्तियाज अहमद और पंकज यादव, संप्रेक्षक मुकेश रावत और अरविंद चुनावी मैदान में हैं। जनपद में टोटल 3228 सफाई कर्मचारी अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस मौके पर एक दूसरे को पटकनी देने के लिए पदाधिकारी जी जान से जुट गए हैं। जीत का सेहरा खुद के माथे पर बांधने का पूरी तरह से दवा भी कर रहे हैं । हर ब्लाकों पर भी बैठकर कर सफाई कर्मचारीयों को अपने पक्ष में करने के लिए जी तोड़ मेहनत की जा रही है। पूर्व जिलाध्यक्ष रोशन लाल ने कहा की चुनाव पूरी पारदर्शिता के साथ होती है और जो पदाधिकारी जीतता है, उसकी हर लोग खुशी- खुशी माला पहनकर स्वागत करते हैं।

### बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर भाजपा जिला इकाई ने किया चिंतन मंथन



**चंदौली।** भाजपा जिला इकाई की बैठक जिला कार्यालय पर आयोजित की गई। जिसमें बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी मीना चौबे ने कहा कि बूथ सशक्तिकरण अभियान-2023 की जानकारी देते हुए बताया कि 26 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सभी मंडल प्रवासी मंडल में बैठक करके मंडल पदाधिकारी शक्ति केंद्र संयोजक बूथ अध्यक्ष का सत्यापन करते हुए इसे सुनिश्चित करें कि सभी बूथों का गठन मानक के अनुसार हो गया हो। जिलाध्यक्ष काशीनाथ सिंह ने कहा कि नए मतदाता का नाम जो छूट गया है उसे भरवा लें और उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा आप सभी पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों के लिए आयुष्मान कार्ड बनना शुरू कर दिया है यह कार्ड सभी लोग बनवा ले और आने वाले शनिवार व रविवार को स्वास्थ्य परीक्षण मेला सभी सीएचसी, पीएचसी और वैलनेस सेंटर पर लग रहा है इसमें ज्यादा से ज्यादा जनता का सहभागिता हो। कार्यक्रम में प्रमुख जिलाध्यक्ष राणा प्रताप सिंह, सर्वेश कुशवाहा, अभिमन्यु सिंह, उमाशंकर सिंह, अखिल पोद्दार, शिवराज सिंह, हरिवंश उपाध्याय, अनिल तिवारी, जैनेंद्र कुमार, राजेश सिंह, विजय शंकर पांडेय, बुद्धि लाल विश्वकर्मा, प्रेम नारायण सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### अधिवक्ताओं ने आपात बैठक में न्यायिक कार्य से विरत रहने का लिया निर्णय



**गाजीपुर।** सएवरआई तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय एडवोकेट की अध्यक्षता में एक आपात बैठक संपन्न हुई। एसोसिएसन के समस्त अधिवक्तागण अग्रिम सूचना तक न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया। बैठक में एसोसीएशन द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि हापुड़ जनपद की घटना को शासन व प्रशासन ने हल्के में लिया है। अधिवक्ताओं की मांगों के संबंध में कोई भी स्पष्ट निशा-निर्देश जारी नहीं किया गया है। जिससे सभी अधिवक्ताओं में गहरा रोष व्याप्त है। बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने अध्यक्ष अजय राय की नेतृत्व में शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाला। बार एसोसिएसन तहसील सेवराई के समस्त अधिवक्तागण अग्रिम सूचना तक न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। इस मौके पर सचिव पारस राम, अय्याज अहमद खान, राजेश प्रसाद, सुमन्त सिंह कुशवाहा, लल्लन प्रसाद, शाहनवाज, मृत्युजंय सिंह, ओमप्रकाश राम, राम सेवक राम आदि अधिवक्ता गण मौजूद रहे।

### गूगल मीट द्वारा एक दूसरे की संस्कृति से रूबरू हुए केंद्रीय विद्यालय संगठन के विद्यार्थी

**पीडीडीयू नगर(चंदौली)।** केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा आहूत एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर, वाराणसी संभाग, (उत्तर प्रदेश) एवं केंद्रीय विद्यालय पासीघाट , अरुणाचल प्रदेश के बीच वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग गूगल मीट द्वारा विद्यार्थी गण एक दूसरे के सांस्कृतिक परंपराएं, रीति रिवाज, कला, ऐतिहासिक विरासत, भौगोलिक विशेषताओं आदि से रूबरू हुए। केंद्रीय विद्यालय संगठन के द्वारा किया जाने वाला एक विशिष्ट कार्यक्रम है , जिसमें एक प्रदेश के लोग दूसरे प्रदेश के लोगों के जीवन रहन-सहन भाषा और संस्कृति से परिचित होते हैं और भारत की विविधता भरी संस्कृति को और अधिक समृद्ध करते हुए राष्ट्र की एकता और अखंडता हेतु संकल्पित होते हैं। इस 'एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम' में दोनों केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। केंद्रीय विद्यालय पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर की ओर से भाषा संगम के तहत कक्षा 9वीं की श्रृजा सिंह और राजनंदनी चौरसिया ने अरुणाचल की स्थानीय भाषा 'निशि' में वातार्लाप कर भाषाई विविधता के महत्त्व को प्रतिपादित किया। 11वीं की न्यासा पांडेय ने कजरी लोकनृत्य से, तो इशिका शर्मा ने अरूणाचल के विशिष्टता को ' कला - प्रदर्शन ' के द्वारा बखूबी सामने रखा।